▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 125
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, गुरुवार 19 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

जयपुर स्थापना दिवसः आतिशबाजी से बिदके हाथीः हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश, गणेश पूजन हुआ



जूम न्यूज ››› जयपुर

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर बुधवार शाम स्टेच्यू सर्किल पर दीप जलाने करने के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी से हाथी डरकर बिदक गए और स्टेच्यू सर्किल पर इधर-उधर भागने लगे। इससे कई लोग बाल-बाल बच गए। इससे पहले जयपुरवासियों ने दीपक जलाकर जयपुर का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर मेयर सुनील कोठारी समेत नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले दिन में गंगापोल दरवाजे पर क्रेन की मदद से भगवान गणेश का पूजन किया गया। इस दौरान शहनाई वादन और नगाड़ों की गूंज के बीच हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए। इसके बाद आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत मंगलवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में निमंत्रण देने के साथ हुई थी। महापौर सुनील कोठारी और उपमहापौर सरोज कंवर ने पार्षदों के साथ भगवान गणेश को स्थापना दिवस का निमंत्रण दिया। इसके बाद शहर के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर शहनाई वादन किया गया। शाम को बिरला ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन हुआ। इसमें मेरठ के वीर रस के कवि हरिओम पंवार, मुंबई के हास्य-व्यंग्य कवि एहसान कुरैशी, दिनेश रघुवंशी, सुरेश अलबेला, प्रियांशु गजेंद्र, राव अजातशत्रु और कवयित्री दीपिका माही ने काव्य पाठ किया। कवियों ने हास्य, व्यंग्य, वीर रस और देशभक्ति की रचनाओं के साथ समसामयिक मुद्दों पर भी कटाक्ष किए। हरिओम पंवार की सत्ता और व्यवस्था पर लिखी पंक्तियों तथा एहसान कुरैशी के जयपुर को लंदन से बेहतर बताने वाले अंदाज पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं।



बीफ न्यूज

अख्तर बोले- हर भारतीय के खून में बसे हैं राम

मुंबई। मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के बयान 'राम हर भारतीय के खून में बसे हैं' पर विवाद खड़ा हो गया है।



उन्होंने कहा कि राम केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि नैतिकता और जीवन जीने का तरीका हैं। उनका यह सांस्कृतिक मूल्य हर धर्म के भारतीय में मौजूद है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हमारी धमनियों में राम और कृष्ण की स्मृति है।

रोबोट दौड़, ऑटोनॉमी का 'परम' बना विजेता

बेंगलुरु। 'बेंगलुरु टेक समिट' में भारत की तीन कंपनियों द्वारा विकसित चार पैरों वाले रोबोटों के बीच दौड़ आयोजित की गई, जिसमें जनरल ऑटोनॉमी प्राइवेट लिमिटेड का रोबोट 'परम' विजेता बना। समिट में दौड़ का उद्देश्य रोबोटिक्स, स्वायत्त तकनीक क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन करना था।



चंदा कोचर को राहत नहीं चलेगा मुकदमा

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी चंदा कोचर के खिलाफ वीडियोकॉन समूह को दिए गए कर्ज में कथित अनियमितताओं के मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने बुधवार को कहा कि मंजूरी देने से इंकार कर दिया।



» अंदर विशेष

▪ **बीकानेरः मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा खंडित करने पर आक्रोश, सर्व समाज ने निकाला कैंडल मार्चे**

...पढ़े पेज 2 पर

पीएम मोदी बोले- म्यूचुअल फंड से आम आदमी की बढ़ी भागीदारी

एआई के दौर में निवेशकों का भरोसा सबसे अहम माना जाता है

सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना भारत, पूंजी बाजार भी भर रहा उड़ान

पूंजी बाजार के विस्तार से कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और निवेश जुटाने के नए रास्ते मिले



एजेंसी ››› मुंबई

भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और इसका असर देश के पूंजी बाजार में भी दिखाई दे रहा है। कंपनियों को पूंजी जुटाने के नए अवसर मिल रहे हैं, वहीं आम नागरिक भी शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड के जरिए देश की आर्थिक विकास यात्रा से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुंबई में आयोजित वैश्विक एक्सचेंज सम्मेलन के लिए जारी अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और देश का पूंजी बाजार भी अभूतपूर्व गति से विस्तार कर रहा है। भारत करीब दो दशक बाद वैश्विक वित्तीय जगत के बड़े आयोजन वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज (डब्ल्यूएफई) की 65वीं जनरल असेंबली और वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है। 17 से 19 नवंबर तक मुंबई में आयोजित इस सम्मेलन का आयोजन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) कर रहा है। मोदी ने कहा कि पूंजी बाजार के विस्तार से कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और निवेश जुटाने के नए रास्ते मिले हैं।

आम लोगों की बाजार में भागीदारी बढ़ रही

म्यूचुअल फंड में बढ़ता निवेश इस बात का संकेत है कि आम लोगों की बाजार में भागीदारी बढ़ रही है। इससे नागरिक देश की आर्थिक प्रगति के सीधे भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने पिछले एक दशक में हुए वित्तीय सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंकिंग, बीमा और डिजिटल सेवाओं के विस्तार ने लाखों लोगों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ा है। जनधन, आधार और मोबाइल यानी जैम ट्रिनिटी तथा यूपीआई ने वित्तीय सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। तकनीक और निवेश प्लेटफॉर्म तक आसान पहुंच से खुदरा निवेशकों की संख्या बढ़ी है।

बेरोजगारी, कमजोर विनिर्माण और शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल, 'मेक इन इंडिया'

और 'स्टार्टअप इंडिया' को बताया खोखले नारे, चुनावी धांधली का आरोप भी दोहराया

कोलंबिया विवि में राहुल का हमला बोले-भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा

राहुल गांधी ने कहा कि भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल की जरूरत है, जो रोजगार पैदा करे



एजेंसी ››› नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। कोलंबिया विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अकादमिक विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि भारत एक बड़े आर्थिक संकट की स्थिति में है और देश का आर्थिक मॉडल करीब एक दशक से अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल की जरूरत है, जो रोजगार पैदा करे, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाए, छोटे कारोबारियों को समर्थन दे और युवाओं में भविष्य को लेकर भरोसा पैदा करे। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं का मजबूत, जवाबदेह और विश्वसनीय होना भी जरूरी है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) में आयोजित इस संवाद का संचालन पत्रकार लिडिया पोलग्रीन ने किया।

'भारत आर्थिक संकट की स्थिति में है'

देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक आर्थिक संकट में बैठा है और यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि देश का मौजूदा आर्थिक मॉडल करीब एक दशक से परिणाम देने में सक्षम नहीं रहा है। सरकार रोजगार और आर्थिक विकास से जुड़ी बुनियादी समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने बेरोजगारी को देश की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में गहरी कमियां और विनिर्माण क्षमता में गिरावट भारत के भविष्य के लिए चिंता का विषय हैं।

नितिन नवीन ने जालंधर से 2,500 किलोमीटर लंबी समरसता संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया

एजेंसी ››› नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पंजाब के जालंधर से 2,500 किलोमीटर लंबी समरसता संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सात राज्यों के 47 शहरों से गुजरने वाली यह यात्रा गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके समानता, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुरु परंपरा के सम्मान, गरीब कल्याण और विकास कार्यों का उल्लेख किया।

नवीन ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर नशाखोरी, बेरोजगारी, उद्योगों के पतन और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर भी पंजाब के साथ अन्याय और लोकतंत्र के अपमान का आरोप लगाया। कार्यक्रम से पहले नितिन नवीन ने मंदिर में दर्शन किए।

हरियाणाः ग्रीन क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड से पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक, फंड के प्रभावी उपयोग के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



एजेंसी ››› नई दिल्ली

हरियाणा को स्वच्छ, हरित और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने 100 करोड़ रुपये के सीड फंड के साथ एक महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में हरियाणा ग्रीन क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड के प्रभावी क्रियान्वयन पर बैठक हुई।

ट्रंप-जिनपिंग और पुतिन एक मंच पर...आज शेनझेन में तीन महाशक्तियों की बैठक

ईरान युद्ध... परमाणु हथियारों के इस्तेमाल वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

जिनपिंग ने प्रोटोकॉल से हटकर खुद एयरपोर्ट पहुंचकर ट्रंप का स्वागत किया



डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और पुतिन

एजेंसी ››› नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एपीईसी शिखर सम्मेलन के स्वागत रात्रिभोज में एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं के बीच गुरुवार को शेनझेन के किलिन विला में त्रिपक्षीय बैठक होगी। इसमें ईरान युद्ध, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इससे पहले जिनपिंग ने प्रोटोकॉल से हटकर खुद एयरपोर्ट पहुंचे।

पूर्वोत्तर की कहानियों का जलवा, पहली बार न्यिशी भाषा की फिल्म को जगह


'उरुम' और 'सूर्यमुखी' का होगा वर्ल्ड प्रीमियर

गोवा के फिल्म महोत्सव में चमकेगा पूर्वोत्तर, चार फिल्मों ने बनाई जगह

एजेंसी ››› नई दिल्ली

पूर्वोत्तर भारत की भाषाओं, संस्कृति और अनूठी कहानियों को 57वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में खास पहचान मिलने जा रही है। गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले महोत्सव के प्रतिष्ठित भारतीय पैनोरमा खंड में पूर्वोत्तर की 4 फिल्मों का चयन किया गया है।

इनमें दो फीचर और दो गैर-फीचर फिल्में शामिल हैं। खास बात यह है कि अरुणाचल प्रदेश की न्यिशी भाषा की फिल्म 'उरुम' पहली बार भारतीय पैनोरमा में जगह बनाने वाली इस भाषा की फिल्म होगी। इसके अलावा 'उरुम' और असमिया फिल्म 'सूर्यमुखी' का वर्ल्ड प्रीमियर भी होगा।



डयू ताब्यो के निर्देशन में बनी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'उरुम' अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर पहाड़ी गांव की कहानी है। फिल्म में एक बेटी को खोने के बाद अपराधबोध और रहस्यमयी विचारों से जूझते पिता के जरिए जनजातीय स्मृतियों, मानसिक आघात और छिपे हुए सच को सामने लाया गया है। वहीं, अंतरा जीजी चौधरी की असमिया फिल्म 'सूर्यमुखी' दो युवा सहकर्मियों पुष्पपाल और प्रार्थना की कहानी है।

पहले मैच में भारत का सामना मलेशिया से, 6 देशों की टीमें शामिल

भारत के अलावा चीन, जापान कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी

भोपाल में आज से महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच... 28 को होगा 'फाइनल'

एजेंसी ››› भोपाल

राजधानी में 19 से 28 नवंबर तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से अनुमोदित इस टूर्नामेंट में भारत सहित छह देशों की टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के मैच शेड्यूल में पहले दिन के मुकाबलों में बदलाव किए हैं।





भारत सहित छह देशों की टीमों के कप्तान

उद्घाटन समारोह का समय भी बदला

दोपहर 2:30 बजे जापान और कोरिया की टीमें आमने-सामने होंगी। मेजबान भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला अब शाम 4:45 बजे खेला जाएगा, जबकि पहले इसका समय शाम 7 बजे था।

भारत के पांच लीग मैच, चार शाम 7 बजे से

भारतीय टीम लीग चरण में पांच मुकाबले खेलेगी। पहले मैच में 19 नवंबर को मलेशिया से भिड़ंत होगी। इसके बाद 21 नवंबर को भारत का मुकाबला कोरिया से होगा। 22 नवंबर को भारतीय टीम थाईलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी। 24 नवंबर को भारत और चीन के बीच मुकाबला होगा।

बीकानेरः मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा खंडित करने पर आक्रोश, सर्व समाज ने निकाला कैंडल मार्च





ज़ूम न्यूज ››› बीकानेर

फलोदी के आमला गांव में परमवीर चक्र से सम्मानित वीर शहीद मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को बीकानेर में सर्व समाज की ओर से कैंडल मार्च निकालकर रोष जताया गया। राजपूत विचार मंच के तत्वावधान में आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में क्षत्रिय सभा एवं ट्रस्ट बीकानेर संभाग, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, पूर्व सैनिकों, अधिकारियों और सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। मार्च में शामिल लोग कैप्टन चंद्र चौधरी स्मारक स्थल पर एकत्रित हुए। यहां से कैंडल मार्च मेजर पूरन सिंह सर्किल होते हुए वार मेमोरियल पहुंचा। हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर पहुंचे लोगों ने वीर शहीद मेजर शैतान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों के साथ एनसीसी कैडेट्स और युवाओं ने भी भागीदारी निभाई। वक्ताओं ने शहीदों की प्रतिमाओं और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों के सम्मान को आवश्यक बताते हुए प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की घटना पर आक्रोश जताया। मार्च के समापन पर उपस्थित लोगों ने शहीदों के सम्मान की रक्षा और उनके प्रति एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया।

ब्रीफ न्यूज

नशा मुक्त विद्यालय अभियान की रिपोर्ट तीन दिन में भेजने के निर्देश

ज़ूम न्यूज ››› बीकानेर

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिलों में नशा मुक्त विद्यालय अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा कार्यालय की ओर से जारी आदेश में संभागीय संयुक्त निदेशकों को आगामी तीन दिवस में निर्धारित प्रारूप में जिलेवार रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। आदेश के अनुसार वर्ष 2026 से 2029 तक की नशा मुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना के तहत विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जानी हैं। इसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, सामूहिक एवं ई-प्लेज करवाना तथा विद्यालयों और उसके 500 मीटर के दायरे में नशा मुक्त क्षेत्र के लिए निरीक्षण करना शामिल है। निदेशालय ने सभी विद्यालयों का Tobacco Free Education Institution (ToFEI) गाइडलाइन के तहत शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाने के भी निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट में जागरूक किए गए विद्यार्थियों की संख्या, निरीक्षण, ई-प्लेज और जागरूकता कार्यक्रमों का विवरण देना होगा। सूचना निर्धारित ई-मेल पर भेजने तथा इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

अबुधाबी में इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के पोस्टर का विमोचन



ज़ूम न्यूज ››› जयपुर

इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के अंतरराष्ट्रीय प्रचार अभियान को नई गति मिली है। मिस्र के काहिरा में स्टोन अफ्रीका 2026 प्रदर्शनी में भाग लेने के बाद लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल दुबई पहुंचा। यहां अबुधाबी स्थित भव्य बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में महंत स्वामी ब्रह्मविहारी दास के करकमलों से इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के पोस्टर का विमोचन कराया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महंत स्वामी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री नरेश पारीक ने बताया कि अबुधाबी का स्वामीनारायण मंदिर भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक प्रतीक है। मंदिर के दर्शन के दौरान भारतीय संस्कृति की विश्वभर में बढ़ती प्रतिष्ठा का अनुभव हुआ। इस अवसर पर इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के संयोजक एवं लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष नटवरलाल अजमेरा और जोधपुर प्रांत के संयुक्त महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई मौजूद रहे।

कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा के लिए छूटे विद्यार्थियों के आवेदन 19 नवंबर से होंगे

31 दिसंबर तक विद्यार्थी डेटा, फोटो और हस्ताक्षर में संशोधन का मिलेगा मौका; परीक्षा केन्द्रों की मैपिंग 5 दिसंबर तक पूरी करने के निर्देश

ज़ूम न्यूज ››› बीकानेर

राजस्थान में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वर्ष 2027 की परीक्षा को लेकर प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन से वंचित रहे पात्र विद्यार्थियों के आवेदन 19 नवंबर से सीबीईओ एवं डाइट लॉगिन के माध्यम से किए जा सकेंगे। वहीं, पूर्व में जमा आवेदन पत्रों में विद्यार्थी के डेटा, फोटो और हस्ताक्षर में संशोधन का विकल्प 20 नवंबर से 31 दिसंबर तक उपलब्ध रहेगा। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, आवेदन से वंचित विद्यार्थियों की पात्रता विद्यालयी रिकॉर्ड की जांच के बाद सुनिश्चित की जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों की सूची भी निर्धारित प्रारूप में संधारित करनी होगी।

विभाग ने परीक्षा केन्द्रों, मूल्यांकन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों की ऑनलाइन मैपिंग 20 नवंबर से शुरू कर 5 दिसंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत 0 से 30 परीक्षार्थियों वाले परीक्षा केन्द्रों को निकटतम केन्द्रों में समायोजित करने तथा एकल विद्यालय परीक्षा केन्द्रों को सामान्यतः निरस्त करने को कहा गया है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में जिला परीक्षा संचालन समिति की अनुमति से छूट दी जा सकेगी।

निर्देशों में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं परीक्षाओं के लिए पहले से संचालित परीक्षा केन्द्रों को भी कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा केन्द्र मैपिंग में शामिल करने पर जोर दिया गया है। साथ ही केन्द्र निर्धारण में अधिकतम चार किलोमीटर की निर्धारित दूरी, भौगोलिक परिस्थितियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा का ध्यान रखने तथा जर्जर एवं असुरक्षित भवनों को परीक्षा व्यवस्था से बाहर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नवगठित जिलों एवं ब्लॉकों में विद्यालयों के प्रशासनिक क्षेत्रांकन का सत्यापन करने के बाद ही केन्द्रों की मैपिंग की जाएगी।

खुड़ी के डॉ. सुधांशु सारण ने एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन में उत्कृष्ट अंक हासिल किए

ज़ूम न्यूज ››› सुजानगढ़



खुड़ी गांव के निवासी डॉ. सुधांशु सारण ने जयपुर के प्रतिष्ठित एसएमएस मेडिकल कॉलेज से एमडी (फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी) की डिग्री उत्कृष्ट अंकों से पूर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. सारण मूल रूप से खुड़ी गांव के निवासी हैं और उनका परिवार वर्तमान में सुजानगढ़ में रहता है। चिकित्सा क्षेत्र में मेहनत और समर्पण के साथ-साथ वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे हैं। युवाओं के बीच उनकी विशेष पहचान है।

उन्होंने पूर्व में चिकित्सा अधिकारी के पद से त्यागपत्र देकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चूरू के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में एसडी (मेडिकल ज्यूरिस्ट) के पद पर कार्यभार संभाला था। इस दौरान करीब पांच वर्षों तक चिकित्सा एवं मेडिको-लीगल कार्यों में सेवाएं दीं। वर्ष 2023 में नीट पीजी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उन्होंने एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी में प्रवेश लिया। तीन वर्षों की मेहनत और अध्ययन के बाद उन्होंने उत्कृष्ट अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री पूरी की। उनकी सफलता को ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का उदाहरण माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने डॉ. सारण को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्कॉर्पियो में युवक को डेढ़ घंटे बनाया बंधक, मोबाइल छीना

मीटिंग के बहाने बुलाकर दूसरों को भेजे आपत्तिजनक मैसेज; दबाव डालकर बनवाया झूठा वीडियो

ज़ूम न्यूज ››› जयपुर

जयपुर में इवेंट के बहाने बुलाकर एक युवक को स्कॉर्पियो में बंधक बना लिया। साथ ही मोबाइल छीनने और धमकाकर झूठा वीडियो बनवा लिया। आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे तक युवक को गाड़ी में बंधक रखकर उसके साथ मारपीट की धमकी दी गई। इस दौरान आरोपियों ने उसके मोबाइल से दूसरे लोगों को आपत्तिजनक मैसेज भी भेजे और निजी फोटो निकाल लिए।

महापुरा निवासी विनायक शर्मा ने पुलिस को रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि मैं इवेंट मैनेजमेंट का काम करता हूं। 13 नवंबर को मुझे इवेंट के सिलसिले में क्लाइंट मीटिंग के लिए हयात होटल के पास अकेले बुलाया था। मैं अपने एक दोस्त के साथ वहां पहुंचा तो स्कॉर्पियो में दो युवक मिले। पीड़ित के मुताबिक- कुछ दूर आगे एक गली में स्कॉर्पियो रोक दी गई। इसी दौरान वहां दूसरी वेन्यू कार पहुंची। उसमें से एडी मारकर्स डांस कंपनी का अभिमन्यु और उसका साथी सोनू उतरकर पीड़ित के पास आकर बैठ गए। आरोपियों ने उसके दोस्त को दूसरी वेन्यू कार में बैठा दिया। इसके बाद विनायक का मोबाइल छीन लिया और उसके फोन से आरोपी ने दूसरे लोगों से बात की।

निजी फोटो निकाले, धमकाकर बनवाया वीडियो

विनायक ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने मेरे मोबाइल से निजी फोटो निकाल लिए। साथ ही दबाव डालकर एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उससे गलत बातें कहलवाई गईं। आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को मारपीट करने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार- दोनों गाड़ियों में 6 लोग मौजूद थे। इनमें आरोपियों के रिश्तेदार भी शामिल थे।

फर्जी क्रिप्टो-करेंसी में निवेश के नाम पर 87 लाख की ठगीः 10 से 15% मुनाफे का झांसा, दो गिरफ्तार

ज़ूम न्यूज ››› जयपुर

साइबर पुलिस थाना जयपुर ने फर्जी क्रिप्टो करेंसी Flinty Coin में निवेश के नाम पर 87 लाख रुपए की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 10 से 15 प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच देकर परिवादी से लाखों रुपए निवेश करवाए थे। इसके लिए Flinty.live नाम से फर्जी वेबसाइट और एप्लीकेशन तैयार की गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी शुरुआत में निवेशकों को मुनाफे के नाम पर कुछ रकम लौटाते थे, जिससे उनका भरोसा जीतकर बड़ी रकम निवेश करवाई जाती थी।

स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान घनश्याम कांदेल (35) निवासी सामोद और मोहित कलोया (27) निवासी कालाडेरा, जयपुर ग्रामीण के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को सेंट्रल जेल जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ठगी के पैसी की रकम से करीब 1 करोड़ रुपए की एफडी करवाई थी। कुछ समय बाद ही एफडी को गिरवी रख लोन लिया था। इसके बाद मर्सडीज गाड़ी खरीद ली। हालांकि पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली थी।

Motion Modexys Pvt. Ltd. के नाम से खोला ऑफिस

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ठगी के इरादे से Motion Modexys Pvt. Ltd. नाम से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और ऑनलाइन गेमिंग कंपनी का ऑफिस खोला था। इसके जरिए निवेशकों के बीच कंपनी की विश्वसनीयता बनाई गई। आरोपियों ने Flinty.live नाम से फर्जी वेबसाइट और ऐप तैयार किया, जिस पर निवेशकों को उनकी रकम का बढ़ता हुआ बैलेंस और मुनाफा दिखाया जाता था। आरोपी खुद को कंपनी का फाउंडर और को-फाउंडर बताकर लोगों को Flinty Coin में निवेश करने के लिए प्रेरित करते थे। निवेश की रकम पर हर महीने 10 से 15 प्रतिशत तक रिटर्न देने और पैसा पूरी तरह सुरक्षित होने का भरोसा दिलाया जाता था। आरोपी पोंजी स्कीम के पैटर्न पर ठगी कर रहे थे। शुरुआत में निवेशकों को कुछ महीनों तक उनकी जमा रकम का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा मुनाफे के रूप में वापस ट्रांसफर किया जाता था। फर्जी वेबसाइट पर भी निवेश की रकम बढ़ती हुई दिखाई जाती थी। इससे प्रभावित होकर लोग अपनी जमापूंजी के साथ लोन लेकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी बड़ी रकम निवेश करने लगे। पुलिस के अनुसार, जब आरोपियों के पास बड़ी रकम जमा हो गई तो उन्होंने भुगतान बंद कर दिया। इसके बाद FEMA एक्ट लागू होने और पेमेंट गेटवे बंद होने का बहाना बनाकर निवेशकों को रकम लौटाने से टालते रहे।

अगस्त 2024 में किया था संपर्क, 87 लाख रुपए निवेश करवाए

परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अगस्त 2024 में घनश्याम कांदेल और मोहित कलोया ने उससे संपर्क किया था। दोनों ने खुद को Motion Modexys Pvt. Ltd. का फाउंडर और को-फाउंडर बताते हुए Flinty Coin में निवेश करने पर हर महीने 10 से 15 प्रतिशत मुनाफे का लालच दिया।

नारायण-विहार में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, पहले दुकान में की तोड़फोड़, दोबारा लौटकर आने के बाद चलाई गोली

ज़ूम न्यूज ››› जयपुर



नारायण विहार इलाके में बजरी सप्लायर की दुकान पर तोड़फोड़ करने और जानलेवा हमला करने के लिए फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नारायण विहार थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की संयुक्त टीम ने वारदात के 36 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी सचिन शर्मा सहित उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। तीनों गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन शर्मा (32), निवासी सेक्टर-17, प्रताप नगर, अनुपम सिंह (27), निवासी भरतपुर, हाल निवासी प्रताप नगर, और अभिषेक शर्मा (28), निवासी वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर के रूप में हुई है।

डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि 17 नवंबर को परिवादी महेंद्र प्रताप सिंह भाटी ने नारायण विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि वह नारायण विहार बी-ब्लॉक स्थित हरिओम धर्म कांटे के पास निरंकार बजरी सप्लायर्स की दुकान पर काम करता है। पहले इस दुकान पर सचिन शर्मा काम करता था, लेकिन उसे काम से हटा दिया गया था। इसी बात को लेकर वह रंजिश रखने लगा था। परिवादी के अनुसार, 17 नवंबर की रात करीब 12 बजे सचिन शर्मा दुकान पर आया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने दुकान के बाहर खड़े लोडिंग 407 वाहनों में तोड़फोड़ की और धमकी देकर चला गया। इसके बाद सुबह करीब 4 से 5 बजे सचिन अपने 4-5 साथियों के साथ दोबारा दुकान पर पहुंचा। आरोपियों ने बाहर खड़ी स्विफ्ट कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। आवाज सुनकर परिवादी दुकान से बाहर आने लगा तो सचिन और उसके साथियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। परिवादी ने दुकान के अंदर रहकर अपनी जान बचाई। मौके से गोलियों के खाली खोखे और बुलेट बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने जब्त किया।

पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी सचिन शर्मा वर्ष 2023 तक निरंकार बजरी सप्लायर्स पर काम करता था। इसके बाद उसने काम छोड़ दिया था। सचिन ने दुकान पर विशाल शर्मा को काम पर लगवाया था, लेकिन बाद में विशाल भी उसके खिलाफ हो गया। वर्ष 2025 में फोन पर सचिन और विशाल के बीच कहासुनी और विवाद हुआ था। इसके बाद सचिन अपने दोस्तों के साथ बजरी की दुकान पर बातचीत करने पहुंचा था। वहां विशाल और महेंद्र प्रताप सिंह के साथ उसका झगड़ा और मारपीट हुई थी। तभी से दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। 16 नवंबर को फोन पर फिर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद सचिन ने पहले अकेले दुकान पर पहुंचकर तोड़फोड़ की और फिर साथियों के साथ लौटकर फायरिंग कर दी।

पुलिस की संयुक्त टीम ने 36 घंटे में पकड़ा

मामले की गंभीरता को देखते हुए नारायण विहार थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करवाया और एफएसएल मोबाइल यूनिट से साक्ष्य जुटाए। तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश की गई। आखिरकार पुलिस ने 36 घंटे में तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात

ज़ूम न्यूज ››› जयपुर



सीएम भजनलाल शर्मा बुधवार को दिल्ली दौरे पर रहे। इस दौरान सीएम ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की कानून-व्यवस्था को अधिक मजबूत करने पर चर्चा हुई। बॉर्डर स्टेट होने के चलते सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था में केंद्र से विशेष सहयोग की अपेक्षा रखी। बता दें कि हाल ही पाकिस्तान से सटे श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़-सूरतगढ़ (रामसिंहपुर) रेलवे ट्रैक पर एक आतंकी बम विस्फोट हुआ था। इसके बाद राजस्थान एटीएस ने जांच करते हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए पंजाब से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ऐसे में माना जा रहा है कि आज की मुलाकात में सीएम ने गृहमंत्री को इस पूरे ऑपरेशन की भी जानकारी दी। सीएम भजनलाल शर्मा ने मुलाकात में अमित शाह को प्रदेश सरकार के कामकाज का जानकारी भी दी। दोनों नेताओं के बीच राजस्थान के विकास को नई गति देने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े कई विषयों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही माना जा रहा है कि प्रदेश में हाल ही हुए निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी सीएम भजनलाल शर्मा ने अमित शाह को जानकारी दी। चुनावों में संगठन और नेताओं की भूमिका का ब्यौरा भी सीएम ने शाह के सामने रखा। दिल्ली दौरे के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में जल प्रबंधन, पेयजल उपलब्धता और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा की।

जयपुर डिजाइन फेस्टिवल का जवाहर कला केंद्र में समापन: सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी ने भी देखी डिजाइन और कलाकृतियां





जूम न्यूज ››› जयपुर

जवाहर कला केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय जयपुर डिजाइन फेस्टिवल (जेडीएफ) का समापन बुधवार को हुआ। जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष को समर्पित इस फेस्टिवल के तीसरे दिन दीया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे। दीया कुमारी ने फेस्टिवल में प्रदर्शित डिजाइन, कलाकृतियों और प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इसके पीछे डिजाइनर्स और शिल्पकारों की मेहनत और रचनात्मकता दिखाई देती है। यह आयोजन महज तीन दिनों का उत्सव नहीं है, बल्कि जयपुर की रचनात्मक पहचान को आगे बढ़ाने वाली एक बड़ी पहल की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जयपुर जैसे हेरिटेज शहर की मूल पहचान को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। शहर में होने वाले ऐसे बदलावों और गतिविधियों के प्रति भी नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए, जो इसकी ऐतिहासिक पहचान और विरासत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए हर बार सरकार की कार्रवाई का इंतजार करने के बजाय लोगों को खुद आवाज उठानी होगी।

दीया कुमारी ने अगले वर्ष जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर को शहर की सुंदरता, स्वच्छता और विरासत संरक्षण से जोड़ना चाहिए। इसके लिए नागरिकों की भागीदारी से एक जनआंदोलन खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे जयपुर की ऐतिहासिक इमारतों, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने जयपुर डिजाइन फेस्टिवल को आगे भी निरंतर आयोजित करने और इसे व्यापक स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी ने प्रदर्शनी में शामिल एग्जिबिटर्स और डिजाइनर्स से मुलाकात की। उन्होंने विभिन्न डिस्प्ले, कलाकृतियों और डिजाइन प्रस्तुतियों को करीब से देखा और उनकी सराहना की। जेडीएफ की टीम के साथ भी उन्होंने समय बिताया।

एआई के दौर में मानवीय रचनात्मकता पर चर्चा

फेस्टिवल के अंतिम दिन डिजाइन इंडस्ट्री एवं एंटरप्राइज और 'द फ्यूचर ऑफ डिजाइन' विषयों पर दो प्रमुख फोरम आयोजित किए गए। इनमें डिजाइनर्स, उद्यमियों, मैन्युफैक्चरर्स और क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिनिधियों ने डिजाइन क्षेत्र में उभरती संभावनाओं और भविष्य की चुनौतियों पर विचार साझा किए। डिजाइन इंडस्ट्री एवं एंटरप्राइज फोरम में डिजाइन आधारित उद्यमिता, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। वहीं 'द फ्यूचर ऑफ डिजाइन' फोरम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीक के तेजी से बदलते दौर में मानवीय रचनात्मकता की प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने इस बात पर चर्चा की कि तकनीक डिजाइन के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रही है, लेकिन मानवीय सोच, कल्पनाशीलता और मौलिकता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण बनी रहेगी। एसोसिएशन ऑफ डिजाइनर्स ऑफ इंडिया (एडीआई) के जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित इस पहले जयपुर डिजाइन फेस्टिवल में शहर की समृद्ध विरासत, पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिजाइन सोच को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया।

ब्रीफ न्यूज

तेलंगाना के नालगोंडा में 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन: समस्याओं पर हुई चर्चा



जूम न्यूज ››› नापासर

अखिल भारतीय किसान सभा का 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन 15 से 18 नवंबर तक तेलंगाना के नालगोंडा में आयोजित हुआ। इसमें देश के 28 राज्यों से 850 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में बीकानेर जिले से शामिल तीन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान की मांग की। बीकानेर से कामरेड जेठाराम लाखुसर, कामरेड छोगाराम तर्ड नौरंगदेसर और घेवरराम मेघवाल सम्मेलन में शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने कृषि ट्यूबवेलों के लिए नियमित बिजली आपूर्ति, नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने और मनरेगा बहाल करने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों की जगह नए भवन बनाने, किसानों को फसल बीमा क्लेम दिलाने और मूंगफली की सरकारी खरीद समय पर शुरू करवाने की मांग भी उठाई। कामरेड छोगाराम तर्ड ने कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनका समाधान करने की अपील की।

28 टीचरों को किया सम्मानित: डिजिटल सामग्री का किया उपयोग

जूम न्यूज ››› नोखा

नोखा ब्लॉक में डिजिटल शिक्षण सामग्री का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले 28 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में सम्पर्क फाउंडेशन ने नोखा ब्लॉक शिक्षा विभाग के सहयोग से टॉप टीचर अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया ने शिक्षकों को अवॉर्ड और प्रशस्ति पत्र दिए। सम्पर्क फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक के स्कूलों में उपलब्ध कराई गई सम्पर्क टीवी शिक्षण सामग्री का छात्र हित में अधिकतम उपयोग करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्हें मेडल, प्रशस्ति पत्र और शिक्षक किट प्रदान की गई। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया ने कहा कि गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों का सम्मान जरूरी है। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवनारायण ने कहा कि शिक्षकों की प्रतिभा छिपी नहीं रहती। उनका समर्पण और प्रयास विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के साथ गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देता है।

राजगढ़ की बेटी ऐश्वर्या ने पीएम मोदी के साथ मनीला में की टुक-टुक की सवारी

जूम न्यूज ››› सादुलपुर

फिलीपींस की राजधानी मनीला में हुए आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ स्थानीय रंग-बिरंगे टुक-टुक में नजर आई भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी ऐश्वर्या श्योराण इन दिनों सुर्खियों में हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री के साथ राजगढ़ की बेटी ऐश्वर्या की मौजूदगी ने चूरू जिले और शेखावाटी को गौरवान्वित किया है।

ऐश्वर्या श्योराण का पैतृक गांव चुबकियाताल है। वह भारतीय विदेश सेवा के 2020 बैंच की अधिकारी हैं और विदेश मंत्रालय में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। अपनी प्रशासनिक दक्षता और भाषाई प्रतिभा के चलते वह दुभाषिए (इंटरप्रेटर) के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं। ऐश्वर्या का सफर भी बेहद प्रेरणादायी रहा है। उनके पिता भारतीय सेना में कर्नल रह चुके हैं। वर्ष 2016 में वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट भी रह चुकी हैं। ग्लैमर की दुनिया में पहचान बनाने के बावजूद उन्होंने देश सेवा को अपना लक्ष्य बनाया और यूपीएससी 2019 परीक्षा



में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर भारतीय विदेश सेवा में स्थान प्राप्त किया। मनीला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी उपस्थिति केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के महत्वपूर्ण मंच तक पहुंचने की प्रेरक मिसाल है।

महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर रेप किया

जूम न्यूज ››› सीकर

सीकर में 32 साल की महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद रेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ रेप किया। अब महिला को आरोपी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि आज से करीब 1 साल पहले इंस्टाग्राम पर उसकी एक युवक से बातचीत होना शुरू हुई थी। युवक ने दोस्ती कर महिला को मिलने के लिए बुलाया।

इस दौरान आरोपी ने महिला के साथ रेप किया। जब महिला के द्वारा इसका विरोध किया गया तो आरोपी ने कहा कि वह उससे शादी करेगा। आरोपी ने महिला को विश्वास को लेने के लिए उसकी मांग में सिंदूर भी भर दी। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उससे कहा कि वो कमाने के लिए विदेश जा रहा है।

चूरू; चलती कार में आग लगी, ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई



- दमकल पहुंचने तक गाड़ी जलकर राख; ग्रामीणों ने स्थायी व्यवस्था की मांग की

जूम न्यूज ››› चूरू

चूरू जिले के साहवा में टिडियासर सड़क मार्ग पर गौशाला के पास एक गाड़ी में आग लग गई। ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में किसी की जान नहीं गई। आग लगने पर आसपास मौजूद लोगों ने उसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग फैल गई। साहवा नगरपालिका में दमकल नहीं होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। गौशाला के पानी के टैंकर, जेसीबी मशीन और पुलिस की मदद से आग बुझाई गई। सूचना मिलने पर तारानगर से दमकल पहुंची, लेकिन तब तक गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी। ग्रामीणों ने साहवा नगरपालिका में दमकल की गाड़ी नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रशासन से साहवा में दमकल की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की।

क्वान-की-डो चैंपियनशिप: 14 पदक जीते: 12 स्वर्ण-2 रजत



जूम न्यूज ››› झुंझुनूं। बीकानेर में आयोजित 8वीं क्वान-की-डो राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में सिंघाना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीते। क्षेत्र के 13 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 12 स्वर्ण व 2 रजत पदक अपने नाम किए। खास बात यह रही कि संस्थान के सभी 13 खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय क्वान-की-डो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में रिधिमा, दक्षति, यस्मिता, विवान, मनन, चाहत, ख्याति, लव्य, कंचन, प्रिया कुमारी कुमावत, दीपक कुमार भाटी और आयुष ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं वैभव और मनन ने रजत पदक जीते। राष्ट्रीय क्वान-की-डो चैंपियनशिप जनवरी 2027 में ओडिशा में आयोजित होगी। इसमें संस्थान के खिलाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

झुंझुनूं में झोलाछाप डॉक्टर्स के खिलाफ होगी कार्रवाई

जूम न्यूज ››› झुंझुनूं

बिना डिग्री मरीजों का इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर अब स्वास्थ्य विभाग सख्ती करेगा। झुंझुनूं में कहीं भी ऐसे डॉक्टर प्रैक्टिस करते मिले तो संबंधित सीएमएचओ की जिम्मेदारी होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा - झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को अपने जिले और ब्लॉक में झोलाछाप डॉक्टरों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मदद ली जाएगी। जरूरत पड़ने पर संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों को केवल शिकायतों का इंतजार करने के बजाय अपने क्षेत्रों में ऐसे लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखनी होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक एड्स डॉ. सुशील परमार, कार्यवाहक निदेशक आरसीएच डॉ. रोमेल सिंह और अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा प्रशासन डॉ. नरोत्तम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वायु गुणवत्ता सूचकांक 298 आंका गया, बारिश के कारण 16 नवंबर को एक्यूआई 366 तक पहुंचा था

जहरीली हुई बीकानेर की हवा:शहर में एक्यूआई 300 तक पहुंचा, खारा में सबसे ज्यादा शिकायत, जांच नहीं

जूम न्यूज ››› बीकानेर

मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ ही शहर की हवा जहरीली होने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स 298 तक पहुंच गया है, जबकि खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी की फैक्ट्रियों का प्रदूषण सबसे ज्यादा है, फिर भी जांच के लिए अब तक मशीन नहीं लग पाई है। शहर में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 298 आंका गया है, जो काफी खराब है। बारिश के कारण 16 नवंबर को एक्यूआई 366 तक पहुंचा था, जबकि 17 नवंबर को 270 रहा। अचानक एक्यूआई बढ़ने की वजह मौसम में बदलाव मानी जा रही है। नवंबर के महीने में ठंड शुरू होने के साथ ही खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी



फैक्ट्रियों के कारण वायु प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ने लगा है। गांव के ऊपर आकाश में धुएं की गर्द जमी रहती है, जिससे खुले में सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

पिछले साल इसी माह में वहां एक्यूआई 900 तक पहुंचने से प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड में हड़कंप मच गया था। भास्कर में मामला उजागर होने के बाद एनजीटी ने सुओ मोटो संज्ञान ले लिया। पिछले महीने एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने राम सिंह खारा की स्व-प्रेरित पत्र याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीबी) को प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और तीन सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। एनजीटी ने क्षेत्र में पर्यावरणीय मानदंडों के तहत पर्याप्त वृक्षारोपण और पौधों के जीवित रहने की निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा है। साथ ही, ग्रोथ सेंटर खारा की इकाइयों को दो सप्ताह और अन्य प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान 21 इकाइयों को बंद करने और 121 लोगों में श्वसन संबंधी बीमारियों की रिपोर्ट एनजीटी में पेश की गई थी, लेकिन प्रदूषण जांच की मशीनें लगाना तो दूर कमेटी का गठन ही अब तक नहीं हो पाया है।

इसलिए बढ़ रहा वायु गुणवत्ता सूचकांक

सर्दियों की शुरुआत के साथ हवा की गति कम होने और वायुमंडल में नमी व स्थिरता बढ़ने से प्रदूषक कण जमीन के करीब फंस जाते हैं। वाहनों का धुआं और सड़क की धूल: शहर में बढ़ते ट्रैफिक, पुराने/अधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों और सड़कों की धूल से PM2.5 और PM10 का स्तर बढ़ता है।

पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे शिवराज सिंह को किया गिरफ्तार

कांग्रेस नेता से 5 करोड़ फिरौती मांगने-फायरिंग के मामले में होगी पूछताछ

जूम न्यूज ››› बीकानेर

बीकानेर पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे शिवराज सिंह (36) को गिरफ्तार किया है। 7 जून 2023 को व्यापारी और कांग्रेस नेता सुखदेव चायल से 5 करोड़ की फिरौती मांगने और घर पर फायरिंग करने के मामले में यह गिरफ्तारी हुई है। सीओ सिटी अनुज डाल ने बताया- सुखदेव चायल के मामले में रोहित गोदारा आरोपी था। इस मामले में शिवराज का भी नाम आया था। शिवराज की गिरफ्तारी मुकदमा नंबर 278/25 में हुई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी विष्णु साध को भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने सुखदेव को



उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। अब रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

सीओ सिटी ने बताया- शिवराज सिंह तोलियासर झुंझुनूं के मंडावा के तोलियासर गांव का निवासी है। सुखदेव चायल केस के अलावा उससे बीकानेर के ज्वेवर जुगल सोनी को 5 करोड़ की फिरौती के लिए मिली धमकी को लेकर भी पूछताछ की जाएगी। सीओ सिटी ने कहा- जुगल सोनी से फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को राउंडअप किया था, इनमें से एक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले तो गिरफ्तारी नहीं हो सकती। पुलिस राजस्थान सहित दूसरे राज्यों में मौजूद उन सभी लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनकी इस मामले में भूमिका सामने आ रही है। पुलिस और संबंधित विभाग मिलकर कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच कर रहे हैं। संगठित अपराध से जुड़ने वाले युवाओं को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

इंडियन एयरफोर्स टीम ने जीता साइकिल पोलो मैचः जूनियर और सब जूनियर में छत्तीसगढ़ ने अपने नाम की ट्रॉफी; खिलाड़ियों को दिए मेडल





जूम न्यूज »» जोधपुर

जोधपुर में चल रही नेशनल साइकिल पोलो मेन्स टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ। इसमें देशभर के 22 राज्यों से 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में जूनियर और सब जूनियर कैटेगिरी में छत्तीसगढ़ ने बाजी मारी। वहीं सीनियर वर्ग में इंडियन एयरफोर्स की टीम ने खिताब जीता। राजं मारवाड़ के को-फाउंडर राजेंद्र कुमार गुर्जर ने बातया कि पूर्व राजपरिवार के सदस्य गज सिंह की ओर से विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी दी गई। राज मारवाड़ के उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने बताया- इस अवसर पर साइकिल पोलो फेडरेशन के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष वर्तमान अध्यक्ष और सचिव भारतीय वायु सेना के पदाधिकारी ताज उम्मेद भवन पैलेस के मुख्य प्रबंधक अमित सिंह हॉर्स पोलो के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पूर्व राष्ट्रीय साइकिल पोलो खिलाड़ी जितेंद्र सिंह के अलावा राज मारवाड़ के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह मुख्य सचिव मनोज मालानी भी उपस्थित रहे। ये आयोजन पूर्व विश्व चैम्पियन और वर्तमान साइकिल पोलो फेडरेशन टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन एमएल नायक के नेतृत्व में हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय स्तर के अम्पायर केके सोनी ने निभाई।

साइकिल पोलो जोधपुर लौटा ये खुशी की बात

पूर्व राजपरिवार के सदस्य गज सिंह ने कहा- ये खुशी की बात है कि साइकिल पोलो वापस जोधपुर लौटा है। बीच में कुछ गैप आया था लेकिन अब वो पूरा हो रहा है। पहले केवल सीनियर खिलाड़ी थे। अब सीनियर के साथ सब जूनियर और जूनियर खिलाड़ी भी आए है। उन्होंने कहा कि इस खेल से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलता है। यहां आए हर खिलाड़ी खुश है। वे बोले-हमारे खिलाड़ियों को भी चांस मिलना चाहिए। वे बोले- शुरुआत साइकिल पोलो से ही हुई थी। उन्होंने कहा- स्कूलों में भी इसकी शुरुआत होनी चाहिए। कुछ स्कूलों में गर्ल्स भी खेलती थी और कुछ स्कूलों में इसे खेला भी जा रहा है। मैं चाहता हूं कि बाकी स्कूल भी इस स्पोर्ट्स को फॉलो करें। सब जूनियर प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 9-1 से हाराया। वहीं उत्तरप्रदेश ने केरला को 1-10 से हराया। जूनियर बॉय के सेमिफाइनल में छतीसगढ़ ने केरला को 10-1 से, केरला ने मध्यप्रदेश को 4-7 और छत्तीसगढ़ ने वेस्ट बंगाल को 11-2 से हराया। इसी तरह सीनियर मेन्स में आर्मी ने टीए की टीम को 2-10 से और एयरफोर्स ने छत्तीसगढ़ की टीम को 13-6 से हराया।

ब्रीफ न्यूज

हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के उपचुनाव में 8 नॉमिनेशन भरे


जूम न्यूज »» जोधपुर

जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। 8 प्रत्याशियों ने बुधवार तक नामांकन दाखिल किए। मतदान 27 नवंबर को होगा। एसोसिएशन अध्यक्ष रणजीत जोशी के इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव कराए जा रहे हैं। इस चुनाव में 3894 अधिवक्ता वोट डालेंगे। चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा ने बताया- तीन दिन तक चली नामांकन प्रक्रिया में 8 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। सभी नामांकनों की बुधवार को जांच की गई, जिसमें सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं के नामांकन सही पाए गए। 19 और 20 नवंबर शाम 3 बजे तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 27 नवंबर को वोटिंग होगी। अध्यक्ष पद के इस उपचुनाव के लिए कुलदीप सिंह राठौड़, अनिल गौड़, गोकुलेश बोहरा, एमआर डेलू (मगाराम डेलू), महेंद्र पुरी गोस्वामी, मनीष पुरोहित, पुष्पेंद्र सिंह चौहान और सुरेंद्र सिंह राठौड़ (गागुड़ा) शामिल हैं। गौरतलब है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी के बार काउंसिल ऑफ राजस्थान (बीसीआर) के चुनाव में निर्वाचित होने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। राजस्थान बार काउंसिल के चुनाव में निर्वाचित होने के बाद लागू एक व्यक्ति-एक पद के नियम के चलते उन्होंने यह निर्णय लिया। जोशी अब बार काउंसिल के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। उनका इस्तीफा मंजूर होने के बाद अब अध्यक्ष पद पर उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। उनका इस्तीफा मंजूर होने के बाद अब अध्यक्ष पद पर उपचुनाव करवाए जा रहे हैं।

पाली में टैक्सी से टकराए बाइक सवार की मौतः मां-बेटी सहित 3 घायल

जूम न्यूज »» पाली

पाली में बुधवार देर शाम को मंथन तिराहे के पास बाइक और टैक्सी में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार शौकत अली (50) की मौत हो गई। हादसे में टैक्सी में बैठी मां, बेटी सहित 3 घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। पाली



के आदर्श नगर निवासी प्रियंका(22) पुत्री आकाश ने बताया कि वह अपनी बहन निरमा(17) और बेटी योगिता(3) के साथ आदर्श नगर से टैक्सी में रेलवे स्टेशन के पास जा रही थी। मंथन तिराहे के पास बाइक सवार उनकी टैक्सी से टकरा गया। हादसे में टैक्सी सवार तीनों लड़कियां और बाइक सवार घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए टैक्सी ड्राइवर बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचां, जहां जांच के बाद बाइक सवार 50 साल के शौकत अली पुत्र मोहम्मद हाफिज निवासी रांगनिया मोहल्ला पाली को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अकाउंटेंट ने सट्टे में उड़ाए 8 करोड़ः कपड़ा कंपनी के खाते, सैलेरी और लोन लेकर लगाए रुपए, कोर्ट में मुंह छुपाता रहा

जूम न्यूज »» भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में कपड़ा कंपनी के अकाउंटेंट ने 8 करोड़ रुपए से ज्यादा ऑनलाइन सट्टे में उड़ा दिए। अपनी बचत के रुपए, सैलरी और बैंकों से लोन लेकर भी ऑनलाइन जुए में करोड़ों रुपए लगा दिए। आरोपी करीब डेढ़ साल से कंपनी के बैंक अकाउंट से रुपए निकाल रहा था। फैक्ट्री मालिक के बैंक अकाउंट चेक करने पर पूरा मामला सामने आया। खाते में केवल 38 हजार रुपए मिले तो शक होने पर 25 सितंबर सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी फरार अकाउंटेंट को अलवर से गिरफ्तार कर पांच दिन की रिमांड पर लिया गया था। आज (18 नवंबर) कोर्ट ने मामले में आरोपी को जेल भेज दिया। इस दौरान अकाउंटेट मुंह छुपाता नजर आया। पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग के रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया- सट्टे में लगाई गई रकम म्यूल अकाउंट्स (किराए के बैंक खातों) में ट्रांसफर हुई है।

सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया - आरोपी तरुण काला (34), पुत्र रमेश चंद्र काला, निवासी राजपूत कॉलोनी (भीलवाड़ा) करीब साढ़े तीन साल



पहले एक प्राइवेट कपड़ा कंपनी में अकाउंटेंट की नौकरी पर लगा था। अकाउंटेंट होने के कारण उसे कंपनी के बैंक अकाउंट का एक्सेस मिला हुआ था। उसने इसी का गलत इस्तेमाल कर करीब डेढ़ साल पहले कंपनी के रुपए ऑनलाइन जुए में लगाने शुरू कर दिए। धीरे-धीरे वह कंपनी के अकाउंट से पैसे निकालकर अलग-अलग ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म पर लगाने लगा।

फैक्ट्री मालिक ने जब बैंक अकाउंट चेक किया तो उसमें केवल 38 हजार रुपए ही बचे थे। शक होने पर उसने 25 सितंबर 2026 को सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में अकाउंटेंट पर करीब 4 करोड़ 57 लाख रुपए के ऑनलाइन गबन का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया - जांच में सामने आया कि आरोपी ने अब तक अलग-अलग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर करीब 8 करोड़ 1 लाख रुपए लगा दिए। इसमें कंपनी के पैसों के अलावा उसकी खुद की सेविंग और सैलरी के पैसे भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, उसने अलग-अलग बैंकों से 25 से 30 लाख रुपए तक का लोन लेकर अपने बैंक अकाउंट से ऑनलाइन बेटिंग में लगा दिए। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया - सट्टे में लगाई गई रकम म्यूल अकाउंट्स (किराए के बैंक खातों) में ट्रांसफर हो गई। जिसे रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया - मामला सामने के बाद अकाउंटेंट तरुण काला पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था। जिसे 13 नवंबर को अलवर से गिरफ्तार किया था। उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े सभी रिकॉर्ड उसकी निशानदेही पर बरामद किए गए। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। इस दौरान वह मीडिया के कैमरों से मुंह छुपाता नजर आया।

चोरी की गाड़ी ढूंढ़ने जोधपुर आए युवकों पर फायरः गाड़ी से स्कॉर्पियो को मारी टक्कर

जूम न्यूज »» जोधपुर

जोधपुर में हनुमानगढ़ से चोरी की गाड़ी ढूंढ़ने आए युवकों की गाड़ी पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने युवकों की स्कॉर्पियो गाड़ी को टक्कर मार दी, जो अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई। मामला जोधपुर के डांगियावास थाना क्षेत्र का बुधवार दोपहर करीब 1 बजे है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मामले में एक आरोपी मनीष जाट निवासी सालवा कला को डिटेन कर लिया। वहीं दूसरे आरोपी सुनील जाट की तलाश जारी है। वहीं हादसे में घायल 4 लोगों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया। फायरिंग के दौरान हनुमानगढ़ से आए युवकों की कार के बोनट पर एक गोली लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि बदमाशों ने दो-तीन हवाई फायर भी किए थे। एडीसीपी नरेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया- खेड़ी सालवा में फायरिंग की सूचना मिली थी। इस दौरान गाड़ी को टक्कर मारी, जिससे वह पलट गई थी। एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची थी और फायरिंग के सबूत भी मिले हैं। इस मामले में दो आरोपियों को डिटेन कर लिया है।

हनुमानगढ़ से गाड़ी ढूंढ़ते हुए पहुंचे जोधपुर

जानकारी के अनुसार- हनुमानगढ़ के रावतसर से 6 युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर सालवा कला पहुंचे थे। उनका दावा था कि उनकी सफेद रंग की स्कॉर्पियो चोरी हो गई थी। उसमें लगे जीपीएस के जरिए वे गाड़ी का पीछा करते हुए यहां पहुंचे थे। इसी दौरान चोरी की बताई जा रही स्कॉर्पियो सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा शुरू कर दिया और उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो पलटी खाते हुए खेत में जा घुसी।

डांगियावास थानाधिकारी राजूराम ने बताया- दोपहर 1:10 बजे सूचना मिली थी। जानकारी मिली कि दूसरी स्कॉर्पियो में सवार मनीष जाट और सुनील जाट ने फायरिंग भी की। एक गोली हनुमानगढ़ से आई स्कॉर्पियो के बोनट पर लगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आरोपियों ने हवाई फायरिंग भी की थी। हादसे में हनुमानगढ़ से आए युवक सुरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार और भानु खान घायल हुए। वहीं गाड़ी की टक्कर से स्थानीय भेड़ पालक बाबूलाल जाट भी घायल हो गया। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

घायल ने कहा- पिस्टल के बट से सिर पर मारा

घायलों को जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल लाया गया है। घायल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मैं किसान हूं। दो महीने पहले मेरी स्कार्पियो चोरी हुई थी। कार में जीपीएस लगा हुआ था तो उसकी लोकेशन के अनुसार हम गाड़ी लेने पहुंचे। इस दौरान बदमाशों की ढाणी के बाहर गाड़ी खड़ी थी। वे हमें देख गाड़ी भगाने लगे। हमने कहा भी कि हम से एक बार बात कर लो। इस दौरान हमने पुलिस को भी सूचना दे दी थी। हमने गाड़ी पीछा करना शुरू किया। इसी बीच बदमाशों ने तीन से चार गाड़ी और मंगा ली। इसके बाद हमारे पीछे लगा दी। घायल सुरेंद्र ने बताया- बदमाशों ने हमारी गाड़ी का पीछा किया और फायर किए। इस बीच पीछे से तीन से चार बार गाड़ी को टक्कर मारी। इस पर गाड़ी अनियंत्रित होकर चार से पांच पलटी खाकर खेतों में पहुंच गई।

जालोर में भूख हड़ताल के 19वें दिन महापड़ावः ग्रामीणों ने किया रोड जाम

आलासन सरपंच चुनाव की दोबारा मतगणना की मांग

जूम न्यूज »» जालोर

जालोर जिले की आलासन ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव की मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रकाश कंवर के पति करण सिंह पिछले 19 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने महापड़ाव आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और दिनभर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के सामने अस्पताल चौराहे से आहोर चौराहे तक जाने वाले मार्ग को जाम करने का प्रयास किया। कई महिलाएं सड़क पर बैठ गईं। बाद में पुलिस और ग्रामीणों की समझाइश के बाद रास्ता सुचारू करवाया गया।

दरअसल, पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में आलासन ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए रकमादेवी पत्नी जोगराज सिंह राजपुरोहित और प्रकाश कंवर पत्नी करण सिंह के बीच मुकाबला हुआ था। मतगणना के दौरान आरओ ने रकमादेवी को एक वोट से विजयी घोषित किया था। इसके बाद प्रकाश कंवर के पति करण सिंह ने मतगणना



में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए दोबारा मतगणना करवाने की मांग उठाई।

करण सिंह का आरोप है कि कुल पड़े मतों में से दो मतपत्र गायब हैं। उन्होंने आरओ, जांच के लिए पहुंचे तहसीलदार अर्जुन सिंह और नायब तहसीलदार ज्ञानेश त्रिपाठी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही खारिज किए गए मतों को दोबारा मतगणना में शामिल करने की मांग भी उठाई। उन्होंने भाजपा नेता पुखराज वीराना पर भी बूथ में प्रवेश कर धांधली करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर मतदान केंद्र के बाहर दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने हो गए थे। इसके बाद करण सिंह अपने समर्थकों के साथ पैदल जालोर कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

सीकर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव खोखर पर हमलाः 5 लाख फिरौती मांगने का आरोप, सीसीटीवी वीडियो आया सामने

जूम न्यूज »» सीकर

सीकर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव खोखर पर गोकुलपुरा स्टैंड के पास सरियों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में खोखर के दाहिने हाथ, आंख और सिर पर चोटें आई हैं। वहीं, उनके साथ मौजूद वकील सांवर चौधरी भी हमले में घायल हो गए। उनके हाथ की अंगुली फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है। घटना 17 नवंबर की देर रात करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। खोखर ने गोकुलपुरा थाने में रिपोर्ट देकर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने और जान से मारने



की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

रानोली निवासी रामदेव सिंह खोखर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 17 नवंबर की रात करीब 11 बजे उनके पास कालूराम का फोन आया था। कॉल पर सुरेश बेनीवाल को भी कॉन्फ्रेंस के जरिए जोड़ा गया था। आरोप है कि इस दौरान सुरेश ने फोन पर गाली-गलौच की और कुछ देर बाद दोबारा फोन कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद वे जयपुर से आए अपने अधिवक्ता मित्र सांवर चौधरी को छोड़ने के लिए एसयूवी से सीकर जा रहे थे। रात करीब 12:30 बजे गोकुलपुरा स्टैंड के पास कार में आए सुरेश बेनीवाल ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया और सरिए से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने पांच लाख रुपए की मांग की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार, रामदेव खोखर के साथ मारपीट होते देख अधिवक्ता सांवर चौधरी बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन पर भी सरिए से हमला किया गया। इससे उनकी बाईं कलाई में चोट आई और एक अंगुली फ्रैक्चर हो गई। आरोप है कि हमलावर ने उनके दोनों पैरों पर भी वार किए और पेट में सरिया घोंपने का प्रयास किया। परिवादी ने आरोप लगाया कि हमलावर ने 50 हजार रुपए फोन-पे करने का दबाव बनाया तथा दोबारा मिलने पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट में कालूराम और सुरेश बेनीवाल सहित अन्य लोगों पर योजनाबद्ध तरीके से लोकेशन लेकर हमला करवाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद वारदात से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। परिवादी का कहना है कि आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने और पुलिस के अचानक वहां आने से उनकी और अधिवक्ता की जान बच सकी।

सरकारी हॉस्पिटल में इंजेक्शन लगाते ही मासूम की मौतः परिजन बोले- डॉक्टरों पर कार्रवाई हो

जूम न्यूज »» बाड़मेर

बाड़मेर जिले में बुधवार को सरकारी हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंची 16 साल की लड़की की इंजेक्शन लगाने के बाद तबीयत बिगड़ गई। उसे उल्टियां होने लगी और गंभीर हालत में उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लड़की अपने पिता के साथ पेट पर हुई एक फुंसी का इलाज करवाने हॉस्पिटल गई थी। घटना बाड़मेर के बायतु में बुधवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे की है। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल स्टाफ और डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह बायतु चिमनजी निवासी तीजो अपने पिता कलाराम के



साथ पेट पर फुंसी में दर्द होने पर इलाज के लिए बायतु उपजिला अस्पताल पहुंची थी। अस्पताल में डॉक्टर ने उसकी जांच कर दवाइयां और इंजेक्शन लिखे। इसके बाद परिजन सरकारी दवा काउंटर से दवाइयां और इंजेक्शन लेकर आए। अस्पताल के इंजेक्शन कक्ष में मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने बालिका को इंजेक्शन लगाया। चिकित्सक की पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) के अनुसार बालिका को सेफ्ट्रियाक्सोन (Ceftriaxone) इंजेक्शन IP 1000 mg लगाया गया था। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं।

चक्रवात 'अकवन' को लेकर रेलवे की तैयारियां तेज, अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

- यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता; रेल परिचालन नियंत्रित करने, बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और चक्रवात के बाद तत्काल बहाली के निर्देश, मंडल, जोन और रेलवे बोर्ड स्तर पर वॉर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संभावित चक्रवात 'अकवन' को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एहतियाती तैयारियां तेज कर दी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दक्षिण तटीय रेलवे के महाप्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चक्रवात से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे के बुनियादी ढांचे की रक्षा, ट्रेनों के परिचालन नियमन और चक्रवात के बाद रेल सेवाओं की जल्द बहाली के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि चक्रवात की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को मौसम की परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने, संभावित प्रभावित रेलखंडों पर समय रहते एहतियाती उपाय करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। रेल परिचालन से जुड़े निर्णय सुरक्षा मानकों और जमीनी परिस्थितियों के आकलन के आधार पर



लेने पर भी जोर दिया गया। चक्रवात के दौरान त्वरित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मंडल, जोनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर समर्पित वॉर रूम सक्रिय कर दिए गए हैं। इन वॉर रूम के माध्यम से रेल परिचालन, मौसम की स्थिति, संभावित व्यवधानों और आपात परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। किसी भी घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बहाली के लिए मशीनरी, सामग्री और कर्मचारियों की व्यवस्था

चक्रवात के कारण रेलवे ट्रैक, अन्य बुनियादी ढांचे या रेल सेवाओं को नुकसान पहुंचने की स्थिति में तत्काल बहाली के लिए जरूरी सामग्री, मशीनरी, उपकरण और कर्मचारियों को तैयार रखा गया है। जरूरत पड़ने पर इन्हें प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत भेजा जा सकेगा। रेलवे ने चक्रवात के बाद परिचालन बहाली की अग्रिम योजना भी तैयार की है, ताकि नुकसान का आकलन होते ही मरम्मत कार्य शुरू किया जा सके। रेलवे का प्रयास है कि ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, बिजली आपूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण रेल परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने के साथ, यदि कहीं नुकसान होता है तो उसे जल्द ठीक कर रेल सेवाओं को सामान्य किया जाए।

ट्रेनों के परिचालन पर लगातार नजर यात्रियों की परेशानी कम करने पर जोर

रेल मंत्रालय के मुताबिक, चक्रवात के दौरान ट्रेनों के परिचालन की लगातार निगरानी की जा रही है। मौसम और सुरक्षा परिस्थितियों के अनुसार ट्रेनों के संचालन को नियंत्रित करने तथा यात्रियों को होने वाली असुविधा कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संभावित प्रभावित रेल मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी भी जोखिम की स्थिति में समय रहते उचित निर्णय लिया जा सके। रेलवे ने चक्रवात से निपटने के लिए राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य आपात स्थिति में राहत, बचाव, संसाधनों की उपलब्धता और रेल सेवाओं की बहाली के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच प्रभावी तालमेल बनाए रखना है।

दक्षिण तटीय रेलवे हाई अलर्ट पर

चक्रवात के मद्देनजर दक्षिण तटीय रेलवे को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रेलवे अधिकारियों को यात्रियों और रेल परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आपात परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई करने तथा चक्रवात गुजरने के बाद ट्रेन सेवाओं को तेजी से बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन तैयार हैं। रेलवे की प्राथमिकता चक्रवात के दौरान सुरक्षा और सतर्कता बनाए रखने, यात्रियों को न्यूनतम असुविधा होने देने तथा प्रभावित क्षेत्रों में रेल परिचालन को जल्द से जल्द सामान्य करना है।

खबर संक्षेप

फिल्मी अंदाज में ज्वेलर्स से 40 करोड़ की लूट

चंपारण। बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने लूट करके पुलिस



महकमे में हड़कंप मचा दिया। कालीबाग थाना क्षेत्र में सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित सेंको ज्वेलर्स शोरूम में 3 बाइक पर सवार होकर पहुंचे करीब 8अपराधियों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की। 40 करोड़ रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए।

मंडी में खाई में कार गिरने से 6 की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक दर्दनाक कार हादसे में 6 लड़कों की मौत हो गई। हादसा



जिले के लडभड़ोल क्षेत्र में हुआ है। कार सड़क से अनियंत्रित होकर करीब 250 फीट गहरी खाई में गिर गई। जान गंवाने वालों में कुछ नाबालिग भी बताए हैं।जोगेंद्रनगर के सिमस क्षेत्र में मंगलवार रात को हादसा हुआ।

'भाषण' से नहीं, थाली से मापी जाएगी तरक्की

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बढ़ती महंगाई को लेकर मोदी सरकार पर



निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की प्रधानमंत्री के भाषणों की लंबाई से नहीं मापी जाएगी। इसे आम लोगों की थाली में मौजूद खाने और उनकी जेब में बचे पैसों से मापा जाएगा। 12 साल पहले महंगाई कम करने का वादा था।

भागवत इंफाल में करेंगे योजनाओं की समीक्षा

इंफाल। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत 18 से 20 नवंबर तक संगठनात्मक दौरे



पर इंफाल पहुंचे। मणिपुर में हिंसा के बाद उनका राज्य का दूसरा दौरा है। वे संगठनात्मक कार्यों, शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे।राहत, पुनर्वास और सेवा कार्य का आकलन करेंगे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता में आंकड़ों के साथ की बात

मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र मजबूत हुआ, राहुल गांधी के आरोप निराधार:भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारत की अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और मीडिया को लेकर झूठे एवं भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जीडीपी वृद्धि, बेरोजगारी, निजी निवेश और श्रम भागीदारी के आंकड़ों से भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति प्रस्तुत की। साथ ही, एसआईआर को लेकर राहुल गांधी के विरोधाभासी रुख पर सवाल उठाए और कांग्रेस नेताओं के बयानों एवं पत्र का हवाला दिया। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र और सरकार मजबूत है तथा राहुल गांधी के आरोप निराधार हैं।

भाटिया ने कहा कि भारत के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी विदेशी यात्राओं के दौरान भारत को बदनाम करने के लिए अनर्गल बयान देते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका में एक बार फिर झूठे, तथ्यहीन और बेबुनियाद वक्तव्य दिए। उनके ऐसे बयानों से पूरा देश और हर भारतीय शर्मसार है कि देश का नेता प्रतिपक्ष विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ इस तरह की बातें क्यों करता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, युवा शक्ति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई बुलंदियां छू रहा है। पिछले 12 वर्षों में देश ने अपनी आंतरिक ताकत और अंतरराष्ट्रीय पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। दूसरी तरफ राहुल गांधी अराजकता, अपरिपक्वता और भारत के प्रति नफरत का प्रतीक बन चुके हैं। वे विदेशी धरती पर जाकर भारत की प्रगति और मजबूत होती छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए झूठे बयान देते हैं। उनकी हरकतें उनकी भारत विरोधी मानसिकता उजागर करती हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होने वाला होता है, राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। आगामी शीतकालीन सत्र से पहले भी वह विदेश गए हैं। क्या वह अपने विदेशी आकाओं से मार्गदर्शन लेने जाते हैं? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इतनी नफरत क्यों है, जिनके नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र लगातार मजबूत हो रहे हैं? कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तीन प्रमुख अवगुण थे। पहला, महंगाई दर दोहरे अंकों में पहुंच गई थी। दूसरा, नीतिगत फैसले लेने में निष्क्रियता थी।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा

भारत को बदनाम करने को अपना पसंदीदा राजनीतिक शौक बना लिया

राहुल अंशकालिक नेता, हर समय निराशा फैलाने वाले व्यक्ति

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अर्थव्यवस्था के बारे में बयानों को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'अंशकालिक नेता हैं, हर समय निराशा फैलाने वाले व्यक्ति हैं। राहुल जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो उनका 'भारत विरोधी प्रचार' एक नए देश तक पहुंच जाता है। अर्थव्यवस्था को लेकर जारी अनुमानों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि राहुल नभारत को बदनाम कर रहे।



भारत विरोधी प्रचार करने से कभी नहीं चूकते

जोशी ने पोस्ट में कहा, जब भी राहुल विदेश यात्रा करते हैं, तो उनका भारत विरोधी प्रचार एक नए स्तर पर पहुंच जाता है। अंशकालिक नेता और निराशा फैलाने वाले व्यक्ति राहुल ने बेशर्मी से भारत को 'आर्थिक आपदा' की ओर बढ़ने वाला देश बताया है।

भंडारी ने भी साधा निशाना

भारत की प्रगति और लोकतंत्र को लेकर नकारात्मक बातें की

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर पोस्ट कर राहुल को 'भारत विरोधी प्रचार का नेता' बताते हुए आरोप लगाया कि वे विदेश जाकर देश की छवि खराब कर रहे हैं। भारत की प्रगति और लोकतंत्र को लेकर नकारात्मक बातें करते हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र का सम्मान किया जाता है।



विदेशों में लोकतंत्र की आलोचना की

भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेश दौरों पर हमेशा भारत के राष्ट्रीय हितों और तिरंगे के सम्मान को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने राहुल गांधी के बयान की तुलना पीएम मोदी के व्यवहार से की।भंडारी ने एक वीडियो में दावा किया कि क्वाड जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान जमीन पर गिरा भारतीय झंडे का निशान देखकर प्रधानमंत्री ने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया था। राहुल विदेश जाकर भारत की चुनावी व्यवस्था और लोकतंत्र की आलोचना करते हैं।

राहुल को नहीं दिखती आईएमएफ, मूडीज की रिपोर्ट

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने 'एक्स' पर गांधी पर विदेशी धरती पर बार- बार भारत की नकारात्मक छवि पेश करने का आरोप लगाया और कहा यही 'सिलसिला बार बार दोहराया' जा रहा है। दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक मानती है, वहीं राहुल देश की अर्थव्यवस्था को 'आर्थिक आपदा' के रूप में पेश करने में जुटे हैं।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और वैश्विक वित्तीय सेवा एवं जोखिम मूल्यांकन कंपनी 'मूडीज' ने भारत की आर्थिक विकास दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

शिवराज कल भोपाल में भारत की पहली स्वदेशी एच5एन1 चिकन वैक्सीन करेंगे समर्पित

आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल ने पोल्ट्री में रोग नियंत्रण को मजबूत करने के लिए विकसित की स्वदेशी एच5एन1 वैक्सीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को भोपाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में मुर्गियों के लिए निष्क्रिय एच5एन1 (क्लेड 2.3.2.1ए) अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लुएंजा (एचपीएआई) वायरस वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह वैक्सीन भारत में एच5एन1 एचपीएआई वायरस के क्लेड 2.3.2.1ए के विरुद्ध विकसित अपनी तरह की पहली वैक्सीन है।

बर्ड फ्लू: मुर्गीपालकों को होता है भारी आर्थिक नुकसान

एचपीएआई, जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू कहा जाता है, मुर्गियों और अन्य पक्षियों को प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसके प्रकोप से संक्रमित पक्षियों में लगभग 100 प्रतिशत तक मृत्यु हो सकती है। इससे पोल्ट्री किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है। 2006 में भारत में पहली बार इस बीमारी का पता चलने के बाद से देश में एच5एन1 और एच5एन8 उपप्रकारों के 500 से अधिक संयुक्त प्रकोप दर्ज किए जा चुके हैं।

बर्ड फ्लू का एक बड़ा प्रकोप भारत की जीडीपी वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक कम कर सकता है। यदि बीमारी अनियंत्रित रूप से फैलती है, तो देश की 20 प्रतिशत से अधिक पोल्ट्री आबादी के प्रभावित होने और नष्ट होने का खतरा है। वर्ष 2006 में इससे 2,200 से 3,000 करोड़ का नुकसान हुआ था। मणिपुर में भी एक प्रकोप के कारण राज्य की जीडीपी के 0.5 प्रतिशत के बराबर नुकसान हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वर्ष 2003 से अब तक भारत सहित 25 देशों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा के 1,003 मानव मामले सामने आए हैं, जिनमें 479 लोगों की मृत्यु हुई है।

वायरस के अध्ययन से पता चला है कि एच5एन1 का क्लेड 2.3.2.1ए नामक स्वरूप मुर्गियों में बर्ड फ्लू के अधिकांश प्रकोपों के लिए जिम्मेदार रहा है। इसके संक्रमण विभिन्न पशु प्रजातियों, जिनमें स्तनधारी भी शामिल हैं, में पाए गए हैं। मनुष्यों में भी इस संक्रमण के तीन मामले सामने आए हैं। इसलिए इस वायरस के प्रसार को रोकने के लिए इसका नियंत्रण आवश्यक है।

वर्तमान में एच5एन1वायरस के क्लेड 2.3.2.1ए के प्रति सुरक्षा के लिए कोई विशिष्ट व्यावसायिक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में भारत के लिए स्वदेशी वैक्सीन का विकास महत्वपूर्ण है। आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान द्वारा विकसित यह वैक्सीन इस आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

बिरला ने वडनगर में विद्यार्थियों से किया संवाद, विश्व शांति महायज्ञ में भाग लिया

वडनगर आध्यात्मिक विरासत, दृढ़ संकल्प व निःस्वार्थ जनसेवा का एक शाश्वत प्रतीक : लोक सभा अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को गुजरात के मेहसाणा जिले स्थित वडनगर का दौरा किया तथा विभिन्न आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक श्री हटकेश्वर महादेव मंदिर से करते हुए, बिरला ने पूजा-अर्चना की तथा कांची कामकोटि पीठाधीपति जगद्गुरु श्री शंकरा विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल के पावन मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में आयोजित 10 दिनी विश्व शांति महायज्ञ में भाग लिया। वडनगर को भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र और प्रधानमंत्री मोदी की जन्मस्थली बताते हुए बिरला ने कहा कि यह ऐतिहासिक नगर आध्यात्मिक



विरासत, दृढ़ संकल्प और निःस्वार्थ जनसेवा का एक शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस नगर का भ्रमण करने तथा प्रधानमंत्री के विद्यालय और उनके प्रारंभिक जीवन से जुड़े स्थलों को देखने से यह पता चलता है कि किस प्रकार असाधारण संकल्प शक्ति विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकती है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा की महत्वपूर्ण उपलब्धि को रेखांकित करते हुए बिरला ने कहा कि यह अटूट प्रतिबद्धता प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मंदिर में कार्यक्रमों के पश्चात बिरला ने वडनगर प्रेरणा स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें जिज्ञासा की भावना विकसित करने, रचनात्मक संवाद में भाग लेने और राष्ट्र निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया। बिरला ने पुरातात्विक अनुभवात्मक संग्रहालय और संगीत संग्रहालय (म्यूजियम ऑफ़ म्यूजिक) का भ्रमण किया तथा भारत के प्राचीनतम जीवंत नगरों में से एक, वडनगर की समृद्ध सभ्यतागत, पुरातात्विक और सांगीतिक विरासत की सराहना की।

पीएम स्वनिधि योजना में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान बिलासपुर-बड़े बचेली, दंतेवाड़ा पुरस्कार के लिए चयनित

स्ट्रीट वेंडर्स के आर्थिक सशक्तीकरण और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मिली राष्ट्रीय पहचान, 20 नवंबर को दिल्ली में होगा सम्मान समारोह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य को प्रतिष्ठित पीएम स्वनिधि सम्मान पुरस्कार 2026 के लिए चयनित किया है। राज्य के साथ बिलासपुर, बड़े बचेली और दंतेवाड़ा नगरीय निकायों को भी इस योजना के तहत राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव ईशा कालिया ने 16 नवंबर को छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र भेजकर इस चयन की जानकारी दी है। मंत्रालय ने योजना के सफल क्रियान्वयन में राज्य सरकार और नगरीय निकायों की भूमिका की सराहना करते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। नई दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ में 20 नवंबर को सुबह 11 बजे से आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मंत्रालय ने राज्य सरकार और संबंधित नगरीय निकायों के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी और छोटे कारोबार से जुड़े स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देना है। छत्तीसगढ़ और उसके तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन राज्य में शहरी आजीविका और पथ विक्रेताओं के सशक्तीकरण के प्रयासों को मिली महत्वपूर्ण पहचान है।

शिवसेना नेताओं ने सोनिया की किताब का किया विरोध

शिंदे के गुट वाली शिवसेना ने जताई नाराजगी

उनके दिल में हिंदुओं के लिए नफरत किताब के पन्ने फाड़े, बोले-बैन करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना ने किताब का विरोध किया और इस पर बैन लगाने की मांग की। मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना के कई नेताओं ने किताब का विरोध करते हुए इसके पन्ने फाड़ दिए। शिंदे की शिवसेना ने किताब में वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और किताब में पर बैन लगाने की मांग की।

शाइना ने फाड़ दी बाला साहेब की तस्वीर



शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग' के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। वहीं पार्टी नेता शाइना एनसी ने गलती से शिवसेना के संस्थापक बालसाहेब ठाकरे की एक तस्वीर फाड़ दी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस ने शिवसेना संस्थापक का अपमान करने के आरोप में शाइना पर निशाना साधा है।

पेज 201 और 443 से कुछ हिस्से हटाएं

शायना एनसी, संजय निरुपम, आनंद दुबे और अन्य नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। किताब में वीर सावरकर को बदनाम किया गया है। किताब के पन्ने फाड़ दिए इसके साथ ही पेज 201-443 तक हटाने को कहा।

सांसद अग्रवाल ने रसायन और उर्वरक संबंधी संसदीय स्थाई समिति में जताई चिंता

खतरनाक औद्योगिक रसायनों से मजदूरों को घातक चोटों के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में इस समय चौथे नंबर पर


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को रसायन और उर्वरक संबंधी संसद की स्थाई समिति की बैठक में उद्योगों में खतरनाक रसायनों से श्रमिकों को मिल रहीं घातक चोटों पर गंभीरता जताई है। खतरनाक औद्योगिक रसायनों से मजदूरों को घातक चोटों के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में इस समय चौथे नंबर पर है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 2024 में 119 और 2025 में 125 मजदूरों को घातक चोटें आई हैं। छत्तीसगढ़ में इसी तरह 2021 में 82, 2022 में 78 और 2023 में 74 मजदूर घायल हुए थे। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने श्रमिकों को चोट देने वाली ऐसी इकाईयों की कार्यप्रणाली और जीवन सुरक्षा पर



सरकार से उचित कदम उठाने का विशेष आग्रह किया साथ ही यह भी कहा कि देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में इससे संबंधित ऐसे कोर्स भी चालू किये जाएं जिससे सुरक्षा एक्सपर्ट पैदा हो और जिनकी ऐसी औद्योगिक इकाइयों में ही मजदूरों की जीवन सुरक्षा और देखभाल के लिए नियुक्त भी की जाए। उल्लेखनीय है कि भारत में खतरनाक और औद्योगिक अपशिष्टों का प्रबंधन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंध और सीमापार संचलन) नियम, 2016 (और समय-समय पर अद्यतन नियमों) द्वारा नियन्त्रण किया जाता है। जिसमें खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली, उसका संग्रहण, भंडारण, परिवहन या पुनर्चक्रण करने वाली प्रत्येक औद्योगिक इकाई को संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लेना अनिवार्य है। इकाइयों को प्रक्रिया में उत्पन्न कचरे का प्रबंधन प्राथमिकता के क्रम में करना होता है। जिसमें अपशिष्ट न पैदा करना,कम करना पुनरुपयोग, पुनर्चक्रण, सुरक्षित निपटान आदि शामिल है। इसमें भंडारण सीमा के साथ-साथ किसी भी खतरनाक अपशिष्ट को बिना विशेष अनुमति के कारखाने परिसर में 90 दिन से अधिक समय तक संग्रहित भी नहीं किया जा सकता है।



तीन दिसंबर को होगा पंचायत के पांचवें सीजन का प्रीमियर

मुंबई। ओटीटी की लोकप्रिय वेब सीरीज 'पंचायत' के अगले सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फुलेरा गांव, सचिव जी और वहां के लोगों की मजेदार नोकझोंक ने पिछले चार सीजन में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब एक बार फिर यह सीरीज अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। इस बार कहानी में गांव की राजनीति के साथ सत्ता का नया समीकरण देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि फुलेरा को नया मुखिया मिल गया है और बनराकस अब प्रधानपति की भूमिका में नजर आएंगे। 'पंचायत' के पांचवें सीजन का प्रीमियर 3 दिसंबर को होगा। इस बार भी दर्शकों को फुलेरा गांव की दुनिया में लौटने का मौका मिलेगा।

लाइफ Style


सोना

सफल लोगों के आसपास रहना सफलता नहीं


एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोना मोहापात्रा पिछले दो दशक से फिल्म इंडस्ट्री में गायिका के तौर पर काम कर रही है। हाल ही में उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' के गाने की कड़ी आलोचना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गायिका ने बताया कि एक्टर पर टिप्पणी करने के बाद इसका असर उनके करियर पर किस तरह पड़ा था।

फिल्म 'मातृभूमि' के गाने 'तेरी ब्यूटी' पर सोना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने वीडियो में आगे सोना ने कहा, 'दस साल पहले , मैंने इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान के एक बयान पर विरोध जताया था। बस, फिर क्या? मुझे दुष्कर्म की धमकियां, छेड़छाड़ की गई तस्वीरें और असीमित ट्रोलिंग मिली। मेरी फैमिली और मम्मी को भी अभद्र शब्द सुनाए गए। इतनी की मुझे पुलिस में शिकायत करनी पड़ी।'अपने इस वीडियो में सोना ने बताया कि लोगों ने सलमान को लेकर उनसे काफी कुछ कहा। फिल्मी दुनिया के लोगों ने उनसे कहा कि वह बहुत प्रतिभाशाली हैं मगर उन्हें सलमान खान के पंगा नहीं लेना चाहिए था। इस पर सोना ने अपनी राय रखते हुए कहा कि वह यहां तक अपनी मेहनत से पहुंची हैं। सफल लोगों के आस-पास रहकर सफल होने को वह सफलता नहीं मानतीं। हाल ही में दलेर मेहंदी एक स्टेज शो के दौरान हुए विवाद के चलते चर्चा में रहे। इस मामले में सिंगर सोना मोहपात्रा ने दलेर का समर्थन करने की बजाय सोशल मीडिया के जरिए उन पर सवाल खड़ा किया था। उन्होंने इस विवाद के दूसरे पक्ष पर रोशनी डालते हुए आयोजकों और फैंस की भावनाओं के बारे में बात की थी।




हॉलीवुड मसाला



न्यूयॉर्क की सड़कों पर बच्चे के संग दिखीं

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता ऐनी हैथवे के घर एक बार फिर किलकारियां गूंजी हैं। अभिनेत्री तीसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने अपने पति एडम शुलमैन के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत किया है। हाल ही में एक्ट्रेस न्यूयॉर्क की सड़कों पर अपने नवजात बच्चे को सीने से लगाए नजर आईं। हालांकि, ऐनी और उनके पति ने अभी तक बच्चे के जन्म को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सामने आई तस्वीरों में ऐनी हैथवे अपने बच्चे को डार्क ब्राउन रंग के खेवी कैरियर में लेकर टहलती दिखाई दीं।



वैनिटी फेयर में निभाया था छोटा सा किरदार...

लॉस एंजिल्स। रॉबर्ट पैटिनसन हॉलीवुड के सबसे बड़े कलाकारों में शामिल हैं। उन्होंने 'हैरी पॉटर' और 'ट्वाइलाइट' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। अब उन्हें जेम्स बॉन्ड का बड़ा रोल मिला है। इससे पहले रॉबर्ट पैटिनसन ने भारतीय फिल्ममेकर मीरा नायर की फिल्म 'वैनिटी फेयर' (2004) में एक छोटा सा किरदार निभाया था। हालांकि, पैटिनसन वाला सीन फिल्म से काट दिया गया था। अभिनेता ने 2009 में एक खातचीत में भारत से जुड़े अपने इस कनेक्शन के बारे में बात की थी। रॉबर्ट पैटिनसन अब डेनियल क्रेग की जगह नए जेम्स बॉन्ड के रूप में नजर आएंगे। मगर उनका भारत से एक दिलचस्प कनेक्शन भी है। दुनिया भर में मशहूर होने से बहुत पहले पैटिनसन ने मीरा नायर की 2004 की पीरियड ड्रामा फिल्म 'वैनिटी फेयर' में रॉडी क्रॉली का किरदार निभाया था।



जॉन की फिल्म गुरु में निकिता की एंट्री

मुंबई। निकिता दत्ता अब जॉन अब्राहम की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'गुरु' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। रिभु दासगुप्ता की फिल्म दानिश पंडोर, आरिफ जकारिया और कीतू गिडवानी भी नजर आएंगे. इस प्रोजेक्ट की शूटिंग सितंबर 2026 में शुरू हुई थी। फिल्म को ऑथम एंटरटेनमेंट, शिबाशीष सरकार, जेए एंटरटेनमेंट और फ्यूजन फिल्क्स वाले प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर रिभु दासगुप्ता हैं। फिल्म गुरु की कहानी एक ऐसे आदमी पर बेस्ड है, जिसकी जिंदगी तब बिखरने लगती है, जब उसे अहसास होता है कि उसकी यादें और असल हकीकत अब एक-दूसरे से मेल नहीं खातीं। जब उसके आस-पास अजीब घटनाएं घटने लगती हैं, तो वो अपनी ही समझ पर सवाल उठाने लगता है।



बेबी शावर सेरेमनी की साझा कीं झलकियां

मुंबई। सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरु के घर किलकारी गूंजने वाली है। कपल माता-पिता बनने वाले हैं। सामंथा अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी को एंजॉय कर रही हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ फोटोज शेयर करती नजर आती हैं। उन्होंने अब अपने बेबी शावर (गोद भराई) की झलकियां साझा की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बेबी शावर की तस्वीरें साझा की हैं। पूरा परिवार मौजूद है। एक्ट्रेस लाल रंग के सूट में नजर आ रही हैं। गोद भराई की रस्म पारंपरिक तरीके से पूरे रीति-रिवाज के साथ की गई। घर के बड़े लोगों ने आने वाले बच्चे के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। राज और सामंथा साथ बैठकर रस्में पूरी करते देखे जा सकते हैं। तस्वीरों के साथ सामंथा ने कैप्शन लिखा है, 'हम'।

टीवी मसाला



रवींद्र ने एक भजन में सुना दी थी पूरी 'राम कहानी'

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के दिग्गज म्यूजिशियन और लिरिसिस्ट रवींद्र जैन ने भारतीय सिनेमा को एक से बढ़कर एक क्लासिकल गीत और भजन दिए हैं। उन्हीं भजनों में से एक था रामानंद सागर की रामायण के लिए बनाया गया एक कल्ट भजन। इस क्लासिक गीत की खासियत थी कि रवींद्र जैन ने इस एक गाने में ही पूरी राम कहानी सुना दी थी। इस भजन का टाइटल है- राम कहानी, सुनो रे राम कहानी। इस भजन में श्रीराम के जीवन, त्याग और मर्यादा को दर्शाया गया था। गाने की शुरुआत उनके बचपन से होती है। जिसमें उन्हें दशरथ के राज दुलारे और कौशल्या की आंख के तारे बताया जाता है। आगे लाइनों में उन्हें सूर्यवंश के सूरज और रघुकुल के उजियारे कहा जाता है। आगे भजन में सीता के साथ उनके विवाह और फिर उन्हें मिले वनवास का जिक्र किया गया। वहीं रावण के द्वारा सीता हरण और उसके बाद राम की दर्द का वर्णन आता है। 'बड़ा दुख पाये राजा राम की रानी'- लाइन में सीता जी के दुख-दर्द का वर्णन किया जाता है। इस गीत में हनुमान मिलन का भी जिक्र होता है जिसमें उन्हें सीता जी की खोज के लिए अशोक वाटिका भेजा जाता है और वे श्रीराम की अंगूठी लेकर लंका जाते हैं और सीता मां को संदेशा देते हैं। रामायण में इस गीत को हनुमान जी तब गाते हैं जब वे सीता मां की खोज में अशोक वाटिका जाते हैं। वे सीता मां से मिलने से पहले ये भजन गाते हैं और फिर उन्हें राम जी अंगूठी निशानी के तौर पर सौंपते हैं।

दूरदर्शन के शो ने बना दिया था सुपरस्टार

नई दिल्ली। आर के नारायण की किताब पर आधारित दूरदर्शन के कल्ट शो मालगुडी डेज के शरारती 'स्वामी' याद हैं? वही 10 साल का 'स्वामी' जो अपने दोस्तों के साथ स्कूल न जाने के बहाने करता था और शैतानियों में अव्वल था। मालगुडी डेज में 'स्वामी' बनकर यह घर-घर में हर किसी का फेवरेट बन गया था। दूरदर्शन के मालगुडी डेज में 'स्वामी' का किरदार बाल कलाकार मास्टर मंजूनाथ ने निभाया था। यूं तो वह कई फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुके थे, लेकिन मालगुडी डेज ने उन्हें स्टार बना दिया था। इस शो में अपने किरदार के लिए उन्हें 6 इंटरनेशनल अवॉर्ड, 1 नेशनल अवॉर्ड और एक स्टेट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। 3 साल की उम्र में मास्टर मंजूनाथ ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और 17 साल की उम्र तक कन्नड़ और हिंदी सिनेमा में करीब 25 फिल्में और कई टीवी शोज में काम किया। मंजूनाथ आज ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जाना-माना नाम बन चुके हैं। वह प्राइवेट और गवर्नमेंट समेत ई-गवर्नेंस से जुड़ी कई परियोजनाओं का हिस्सा हैं।



वेल्स के राजकुमार ने करण से की मुलाकात

समझीं बॉलीवुड फिल्म निर्माण की बारीकी

मुंबई। प्रिंस विलियम और केट मिडलटन भारत आए हुए हैं। वेल्स के राजकुमार ने इस दौरान करण जौहर से मुलाकात की। वे निर्माता के धर्मा प्रोडक्शंस पहुंचे। यहां उन्होंने हिंदी सिनेमा जगत में फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियों को समझा। इस दौरान करीना कपूर और सैफ अली खान भी मौजूद रहे। प्रिंस विलियम ने बॉलीवुड के कामकाज के तौर-तरीके समझे। उन्होंने फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का शानदार म्यूजिक देखा। धर्मा में करण जौहर ने रॉयल कपल की मेजबानी की। बता दें कि मुंबई में मंगलवार को अर्थशॉट प्राइज अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन किया गया। करण जौहर ने यह अवॉर्ड सेरेमनी प्रेजेंट की। कई फिल्मी हस्तियां यहां शामिल हुईं। अर्थशॉट प्राइज दुनिया के प्रमुख पर्यावरण पुरस्कारों में शामिल है। इसकी शुरुआत साल 2020 में प्रिंस विलियम और 'द रॉयल फाउंडेशन' ने की थी। बीती रात के आयोजन में भी केट और विलियम शामिल हुए थे।

'शावा शावा' पर परफॉर्मेंस ने बनाया माहौल



बुधवार को प्रिंस विलियम ने धर्मा के प्रोडक्शंस में जाकर हिंदी सिनेमा से जुड़े दिलचस्प पहलू समझे। करण जौहर ने भी भव्य अंदाज में उनका स्वागत किया। इस कड़ी में उनके सामने डांसर्स ने 'कभी खुशी कभी गम....' के पॉपुलर ट्रैक 'शावा शावा' पर परफॉर्म किया। इस शानदार परफॉर्मेंस ने रॉयल विजिट को एक फिल्मी टच दिया। इससे पहले सवेरे वेल्स के प्रिंस और प्रिंसेस कैथरीन सस्टेनेबल टेक्सटाइल पर फोकस करने के लिए मुंबई के लोअर परेल में चाणक्य स्कूल ऑफ क्राफ्ट पहुंचे। प्रिंस विलियम से मुलाकात के बाद सैफ अली खान ने कहा, 'यह सेशन कल्चरल को-ऑपरेशन और यूनाइटेड किंगडम और इंडिया की फिल्म इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर काम करने को लेकर मुलाकात थी। यूके लंबे समय से बॉलीवुड के लिए पसंदीदा जगह रही है।

'ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं' से डेब्यू करेंगे सुभान और आइरा

फिल्ममेकर शशांक खेतान एक लव स्टोरी के साथ वापस आ रहे हैं, लेकिन उनकी अगली फिल्म में एक ट्विस्ट है। 'धड़क' में ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर जैसे नए चेहरों को पेश करने के बाद, वे अपनी आने वाली फिल्म में भी कुछ ऐसा ही करने जा रहे हैं। 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं' नाम की इस रोमांटिक रिवेंज ड्रामा फिल्म में सुभान और आइरा मुख्य जोड़ी के रूप में नजर आएंगे।

नई दिल्ली। सुभान, प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला और वर्दा नाडियाडवाला के बेटे हैं, जबकि आइरा (जिनका असली नाम कियारा बोस रॉय है) एक्टर रोहित रॉय और मानसी जोशी रॉय की बेटी हैं। इस प्रोजेक्ट की लंबे समय से चर्चा थी। अब फिल्म के निर्माताओं ने एक 'टाइटल रिवील' वीडियो के जरिए इस प्रोजेक्ट की घोषणा की, जिससे दर्शकों को एक झलक मिलती है कि वे इसमें क्या उम्मीद कर सकते हैं। वीडियो की शुरुआत दो प्रेमियों के बीच एक रोमांटिक पल से होती है, लेकिन फिर कहानी एक गंभीर और गहरे मोड़ पर आ जाती है, जिससे संकेत मिलता है कि उनका रिश्ता उतना सीधा-सादा नहीं है, जितना पहली नजर में लगता है। निर्माताओं ने इस फिल्म को एक 'रोमांटिक रिवेंज ड्रामा' (प्यार और बदले पर आधारित ड्रामा) बताया है, जिसमें प्यार, जुनून और बदला कहानी के मुख्य हिस्से हैं।



हालांकि, उन्होंने अभी के लिए फिल्म की कहानी और किरदारों से जुड़ी जानकारियों को गुप्त रखा है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का शीर्षक 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं', साजिद नाडियाडवाला की दिवंगत पूर्व पत्नी दिव्या भारती की फिल्म 'दीवाना' के एक गाने से लिया गया है। इसी फिल्म से शाह रुख खान ने भी बॉलीवुड में कदम रखा था। यह फिल्म शशांक के लिए एक नए प्रोडक्शन वेंचर का भी प्रतीक है। ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं को शशांक, अमित चंद्रा और नलिनी दत्ता खेतान द्वारा स्थापित बैनर 214 एंटरटेनमेंट के तहत बनाया जा रहा है।

गोलमाल 5 से लेकर महाकाली तक, रिलीज होंगी कई बड़ी फिल्में

2027 में सिनेमाघरों में लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। धुरंधर 2 और रामायण के साथ साल 2026 दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर आया और बॉलीवुड को मालामाल कर दिया। जहां रणवीर सिंह की मूवी ने वर्ल्डवाइड 1852 करोड़ कमाए, तो वहीं रणबीर कपूर की रामायण 13 दिनों में 1400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अब भी दिसंबर का पूरा महीना बाकी है, जहां शाह रुख की किंग और सलमान की मातृभूमि सिनेमाघरों में आने वाली है। 2026 के बाद साल 2027 भी दर्शकों के लिए फिल्मों का तूफान लाने वाला है। अगले साल कई ऐसी बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को एक लंबे समय से है। तो चलिए 2027 की रिलीज फिल्मों की देखते हैं पूरी लिस्ट।

गोलमाल 5 : साल 2027 की शुरुआत दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान के साथ होगी, क्योंकि सबसे पहले अजय देवगन ही अपनी सफल फ्रेंचाइजी फिल्म गोलमाल 5 के साथ सिनेमाघरों में लौट रहे हैं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी कॉमेडी ड्रामा फिल्म जनवरी में ही रिलीज होगी। रिलीज डेट- 8 जनवरी 2027, जॉनर- कॉमेडी।

महाकाली : धुरंधर के बाद एक बार फिर से अक्षय खन्ना पर्दे पर बेहद ही दिलचस्प किरदार के साथ लौट रहे हैं। उनकी माइथोलॉजिकल फिल्म महाकाली की बॉक्स ऑफिस पर गोलमाल 5 के साथ टक्कर होने वाली है। ये फिल्म हिंदी-कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। फिल्म में अक्षय खन्ना शुक्राचार्य का किरदार अदा कर रहे हैं। रिलीज डेट- 8 जनवरी 2027, जॉनर- माइथोलॉजिकल।



लव एंड वॉर : गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद लोग लंबे समय से संजय लीला भंसाली के लाउंर देव लाइफ वाले एक्सपीरियंस को बड़े परदे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। उनकी फिल्म लव एंड वॉर जो पहले 2026 में रिलीज होने वाली थी, उसकी रिलीज डेट बढ़ाकर मेकर्स ने 2027 कर दी है। मूवी में रणबीर कपूर-आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। रिलीज डेट- 21 जनवरी 2027, जॉनर- पीरियड ड्रामा।

कैप्टन इंडिया : साल 2027 की बड़ी रिलीज में एक फिल्म कार्तिक आर्यन की कैप्टन इंडिया भी है। शिमित अमिन के निर्देशन में बनी फिल्म में कार्तिक एक बहादुर इंडियन पायलट की भूमिका अदा कर रहे हैं, जो देश के हजारों लोगों को युद्ध के दौरान सुरक्षित बाहर निकालता है। रिलीज डेट- 13 अगस्त 2027, जॉनर- एक्शन।

नागजिला : कार्तिक आर्यन साल 2027 में स्क्रीन पर पूरी तरह से कब्जा करने के इरादे से आ रहे हैं। कैप्टन इंडिया के अलावा मृगदीप लांबा के निर्देशन में बन रही उनकी फिल्म नागजिला: नाग लोक का पहला कांड भी अगले साल फरवरी में सिनेमाघरों में आ रही है। रिलीज डेट- 12 फरवरी, जॉनर- क्रिएचर कॉमेडी ट्रायलॉजी।

वाराणसी : 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा स्टारर फिल्म वाराणसी भी है, जिसकी पहली झलक ने ही दर्शकों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म का निर्देशन बाहुबली और आरआरआर जैसी सफल फिल्में देने वाले निर्देशक एस एस राजामौली ने किया है। मूवी से प्रियंका चोपड़ा लंबे समय बाद इंडियन सिनेमा में वापसी करेंगी। रिलीज डेट- 7 अप्रैल 2027, जॉनर- एक्शन एडवेंचर।

स्पिरिट : प्रभास के सितारे बॉक्स ऑफिस पर पिछले कुछ सालों से गर्दिश में चल रहे हैं, लेकिन अब वह उस रूप में लौट रहे हैं, जिसमें सालों से उनके फैंस उन्हें देखते आए हैं। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी उनकी आगामी फिल्म स्पिरिट भी अगले साल ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रिलीज डेट- 29 अक्टूबर 2027, जॉनर - क्राइम थ्रिलर।

शिला : कसम तेरी कसम और एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब हर्षवर्धन राणे नई फिल्म सिला के साथ दर्शकों के बीच आएंगे। जो एक लव स्टोरी है। मूवी में उनके साथ सादिया खतीब और करणवीर मेहरा मुख्य भूमिका में हैं। मूवी के निर्देशन की कमान ओमंग कुमार ने संभाली है। रिलीज डेट- 5 फरवरी 2027, जॉनर- रोमांटिक एक्शन ड्रामा।

तुम्बाड 2 : हस्तर की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती डार्क माइथोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म तुम्बाड दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक थी। अब ये फिल्म अपने सीक्वल के साथ लौट रही है, जिसमें सोहम शाह के साथ आलिया भट्ट और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

66 खिलाड़ियों के लिए 16 दिसंबर से नीलामी, एलएसजी सबसे अधिक रईस ...!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2027 के लिए सभी टीमों ने अपने-अपने रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। अब 16 दिसंबर को गोवा में नीलामी होगी, जिसमें सभी टीमें अपने-अपने जरूरतें और पर्स को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों पर दांव लगाएंगी। इस छोटी नीलामी में 66 जगहों के लिए बोली लगाई जाएगी।

नीलामी में होंगे 25 विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट

कुल 184 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है, जिनमें 55 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। फ्रेंचाइजियों ने कुल मिलाकर 1,002.05 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, और अब नीलामी के लिए उनके पास कुल 297.95 करोड़ रुपये की राशि बची है। 10 टीमों में अभी भी 66 खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिसमें 25 विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट भी शामिल हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजियों के पास अपनी टीमों को दुरुस्त करने के और भी मौके होंगे।

आईपीएल 2027 में 55 विदेशी खिलाड़ियों सहित 184 खिलाड़ी रिटेन



एलएसजी के पर्स में सर्वाधिक धनराशि

लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 खिलाड़ियों को रिटेन किया और नीलामी में सबसे ज्यादा बची हुई रकम 47.45 करोड़ रुपये के साथ उतरेगी। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के पर्स में 41.65 करोड़ रुपये है। सनराइजर्स हैदराबाद के पास 40.15 करोड़ रुपये और दिल्ली कैपिटल्स के पास 39.50 करोड़ रुपये हैं। 5 बार की विजेता एमआई की टीम के पर्स में 32.60 करोड़ रुपये बचे हुए हैं।

जीटी के पास मौजूद है सबसे छोटा पर्स

अन्य टीमों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स के पास 28.05 करोड़ रुपये मुजूद हैं। राजस्थान रॉयल्स की टीम 27.05 करोड़ रुपये के साथ नीलामी में उतरेगी। वहीं, पंजाब किंग्स के पर्स में 18.60 करोड़ रुपये बचे हैं। गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 14.15 करोड़ रुपये हैं, जबकि गुजरात टाइटंस सबसे कम 8.75 करोड़ रुपये के पर्स के साथ नीलामी में उतरेगी।

केकेआर के सह मालिक जय मेहता बेचेंगे अपनी आधी हिस्सेदारी

इंडियन प्रीमियर लीग की 3 बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक जय मेहता टीम में अपनी हिस्सेदारी का एक बड़ा हिस्सा बेचने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मेहता केकेआर में अपनी कुल 45 प्रतिशत हिस्सेदारी में से आधी यानी 22.5 प्रतिशत हिस्सेदारी अमेरिका स्थित निवेश प्रबंधन फर्म एरेस मैनेजमेंट को बेचेंगे। क्रिकबज के हवाले से बताया गया है कि यह सौदा लगभग 40 करोड़ डॉलर (लगभग 3,740 करोड़ रुपये) में तय हुआ है।

एरेस मैनेजमेंट क्या है?

एरेस मैनेजमेंट एक निवेश प्रबंधन फर्म है, जिसके कई वैश्विक खेल संपत्तियों में हिस्सेदारी हैं। इनमें प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी एफसी और एनएफएल फ्रैंचाइज मियामी डॉल्फिन्स शामिल हैं। मेहता और एरेस के बीच यह सौदा पूरी तरह से कैश में हुआ है और लगभग पूरा होने वाला है। हालांकि, इसे अभी भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से आधिकारिक मंजूरी की जरूरत है। मानक प्रक्रिया के तहत, बीसीसीआई नए मालिक की जांच करेगा।



बीसीसीआई को मिलेंगे 200 करोड़ रुपये

स्टैंडर्ड प्रोसीजर के अनुसार, इस सौदे में बीसीसीआई की आधिकारिक मंजूरी की बहुत अधिक आवश्यकता है क्योंकि बोर्ड को इस सौदे के कुल मूल्य का 5 प्रतिशत हिस्सा भी मिलेगा, जो लगभग 2 करोड़ डॉलर (करीब 200 करोड़ रुपये) बैठता है। बता दें कि साल 2022 में सीवीसी कैपिटल की ओर से गुजरात टाइटंस की हिस्सेदारी खरीदने के बाद से आईपीएल फ्रेंचाइजी में अमेरिका की कंपनियों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है।

शाहरुख के पास है केकेआर की 55 प्रतिशत हिस्सेदारी

बता दें कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी कंपनी केकेआर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से केकेआर में 55 प्रतिशत बहुमत हिस्सेदारी रखते हैं। जय मेहता और उनकी अभिनेत्री पत्नी जूही चावला साल 2007 से ही टीम के सह-मालिक हैं। केकेआर इस प्रतिष्ठित लीग की तीसरी सबसे सफल टीम रही है।

खबर संक्षेप



साहिल बालक, अनन्या बनीं बालिका वर्ग की चैंपियन

फगवाड़ा। दिल्ली के शीर्ष वरीयता प्राप्त ऋत्विक गुप्ता उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और उन्हें बुधवार को यहां तीसरी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब के साहिल रावत के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ साहिल ने खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की अनन्या मुरलीधरन ने महिला एकल फाइनल में मंगलवार को मिली हार से उबरते हुए अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की रियाना भूटा को 3-2 से हराकर खिताब जीत लिया। साहिल ने चार गेम में 12-10, 2-11, 12-10, 12-10 से जबकि अनन्या ने पांच गेम में 7-11, 11-8, 11-8, 7-11, 11-9 से जीत दर्ज की।

ईस्ट बंगाल की दिल्ली क्लब से भिड़ंत कल

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग ने बुधवार को कार्यक्रम घोषित करते हुए बताया कि फीफा के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की विंडो के कारण मिले ब्रेक के बाद आईएसएल का पहला चरण शुक्रवार को फिर बहाल होगा। मौजूदा चैंपियन ईस्ट बंगाल कोलकाता में दिल्ली के स्पोर्टिंग क्लब से भिड़ेगा जबकि बेंगलुरू एफसी अपने घरेलू मैदान पर मुंबई सिटी एफसी का सामना करेगा। मोहन बागान सुपर जाइंट फिलहाल 13 टीम की अंक तालिका में 12 अंक के साथ शीर्ष पर है। नॉर्थईस्ट युनाइटेड 11 अंक के साथ दूसरे और बेंगलुरू एफसी 10 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित करते हुए बताया कि इस सत्र की दूसरी कोलकाता डर्बी (एक ही शहर की दो टीम के बीच मुकाबला) 28 फरवरी को खेली जाएगी जबकि आईएसएल कप का विजेता आठ मई को तय होगा।

ज्वेरेव ने शेल्टन को हराकर सेफा में जगह पक्की की



तूरिन (इटली)। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक बार फिर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ज्वेरेव ने शेल्टन को 6-2, 7-6 (4) से हराया। शेल्टन ने अभी तक एक मैच जीता है जबकि एक मैच में उन्हें हार मिली। उन्हें सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए राफेल जोडर के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच जीतना होगा। इससे पहले आर्थर फिल्स ने जोडर को 4-6, 6-2, 6-2 से हराकर एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की। जर्मनी के अलेक्जेंडर ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी शेल्टन को हराया था। उन्होंने अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अब अपना रिकॉर्ड 7-0 कर दिया है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला बुधवार रात 3:30 बजे शुरू

58 साल का सूखा खत्म करने उतरी भारतीय टीम, गिल के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बुधवार रात 3:30 बजे से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर शुरू हुआ। युवा कप्तान शुभमन गिल के सामने इस मैदान पर 58 साल से चले आ रहे जीत के सूखे को खत्म करने की बड़ी चुनौती होगी।

भारत ने वेलिंगटन में अपना आखिरी टेस्ट मैच साल 1968 में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी में 8 विकेट से जीता था। दूसरी बार 2008-09 में एमएस धोनी की अगुवाई में 1-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इसके बाद से टीम इंडिया यहां एक भी मैच नहीं जीत पाई है। अब गिल के पास इतिहास रचकर इन दिग्गज कप्तानों की बराबरी करने का सुनहरा मौका है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे से देखा जा सकेगा।

धोनी की कप्तानी में जीती थी सीरीज

बेसिन रिजर्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने कुल 8 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से एक जीता है। दो मैच ड्रॉ रहे, जबकि 5 में हार मिली है। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2009 में न्यूजीलैंड में आखिरी बार टेस्ट मैच और सीरीज जीती थी। यहां पर आखिरी बार भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट 2020 में हुआ था। इंडिया दोनों परियों में 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई थी। सिर्फ मयंक अग्रवाल (58 रन) ने फिफ्टी लगाई।



कैसी है बेसिन रिजर्व स्टेडियम की पिच?

पिच क्यूरेटर ने रेव स्पोर्ट्स को बताया है कि पिच पर 15 मिमी घास छोड़ी गई है। ऐसे में शुरुआती 2 दिन में तेज गेंदबाजों के लिए अच्छी मदद मिल सकती है, जिससे बल्लेबाजों को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। मैच के आखिरी दिन स्पिनर को कुछ मदद मिल सकती है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 312 रन है।

कैसा रहेगा वेलिंगटन का मौसम?

वेलिंगटन में टेस्ट के पांचों दिन बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है। एक्यूवेदर के मुताबिक, इन 5 दिनों में अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान की बात करें तो उसके 11 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

भारत की निगाहें चौथे खिताब पर, मलेशिया से भिड़ंत आज



एजेंसी ▸▸ भोपाल

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम आज 19 नवंबर से यहां शुरू होने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम अपना पहला मैच आज मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। इस प्रतियोगिता में छह टीम भाग ले रही हैं। भारत वर्तमान में दक्षिण कोरिया के साथ प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सबसे सफल टीम है। इन दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं। भारत फिर से घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा। यह टूर्नामेंट नाथू बरखेड़ा में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेला जाएगा। यह मध्य प्रदेश में खेला जाने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है। भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में जापान पर 4-1 से जीत हासिल करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया।

भारत को इनसे मिलेगी कड़ी टक्कर

भारत मलेशिया के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद 21 नवंबर को दक्षिण कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान का सामना करेगा। राउंड-रॉबिन लीग में भारत को चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

चार टीमें सेफा के लिए करेंगी क्वालीफाई

लीग चरण के बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 27 नवंबर को खेले जाएंगे। फाइनल और तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ मैच 28 नवंबर को होंगे।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

हरियाणा ने तमिलनाडु को 7 विकेट से रौंदा



- रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु मैन ऑफ द मैच बने
- निशांत ने चार ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट चटकाए, नाबाद 37 रन भी बनाए

रोहतक । सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप के मुकाबले में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। द डेली कॉलेज ग्राउंड, इंदौर में खेले गए इस मुकाबले में हरियाणा के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु की पूरी टीम 19.5 ओवर में महज 124 सिमट गई। तमिलनाडु की ओर से अमित साथविक ने सबसे ज्यादा 38 रन (17 गेंद, 4 चौके, 2 छक्के) बनाए, जबकि बी. सचिन ने 27 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा तमिलनाडु के अन्य बल्लेबाज हरियाणा के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके। हरियाणा की तरफ से अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए तमिलनाडु की कमर तोड़ दी। चहल ने अपने 4 ओवर के स्पेल में मात्र 16 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके, वहीं रोहतक निशांत सिंधु ने भी 4 ओवर में 22 रन खर्च कर 3 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। कनिष्क चौहान और राहुल तेवतिया को भी 1-1 सफलता हाथ लगी। 125 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की शुरुआत भी सधी हुई रही। टीम ने 16.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। हरियाणा के लिए कप्तान अंकित कुमार ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 39 गेंदों में 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 43 रन बनाए। वहीं, निशांत सिंधु ने नाबाद रहते हुए 29 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 37 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा यशवर्धन दलाल ने 21 और अर्श रंगा ने 18 रनों का योगदान दिया।

ईश्वरन-पोरेल ने दिलाई बंगाल को झारखंड पर जीत

मुंबई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद 61 रन और अभिषेक पोरेल के 49 रन की मदद से बंगाल ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में झारखंड को सात विकेट से हराया। बंगाल ने 149 रन का लक्ष्य 18.4 ओवर में हासिल कर दिया। ईश्वरन ने अपनी 48 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि पोरेल ने 34 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। इससे पहले मौजूदा चैंपियन झारखंड ने सात विकेट पर 148 रन बनाए जिसमें विराट सिंह ने 37 गेंदों पर नाबाद 45 और शिखर मोहन ने 26 गेंदों पर 42 रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 97 रन से हराकर जीती सीरीज

होबार्ट। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 97 रन से हराते हुए सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। होबार्ट में खेले गए मैच में इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 328 रन बनाए। मेहमान टीम से बेन डकेट ने बड़ा शतक (133) लगाया। जवाब में मेजबान टीम 46.5 ओवर में 231 रन पर सिमट गई।

इस तरह से जीती इंग्लिश टीम

इंग्लैंड से टॉम बैंटन (44) और डकेट (133) ने जोरदार शुरुआत दिलाई। वहीं मध्यक्रम में विल जैक्स ने 48 गेंदों में 59 रन बनाते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया से जैक एडवर्ड्स ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान मिचेल मार्श (1) और ट्रेविस हेड (4) जल्दी आउट हुए। खराब शुरुआत के बाद मैट रेनशॉ ने अर्धशतक (55) लगाया। उनके अलावा एलेक्स कैरी (37) और जैक एडवर्ड्स (31) भी जीत नहीं दिला सका।

एरिगैसी और प्रज्ञाननंदा जीते, वैशाली हारी

एजेंसी ▸▸ दबुडापेस्ट

भारत के अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा ने टोटल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर पायलट में क्लासिफिकेशन मुकाबलों के पहले दिन जीत हासिल की लेकिन आर वैशाली को हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी ने नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया, जबकि प्रज्ञाननंदा ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को पराजित किया।

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से बाल-बाल चूकने वाले एरिगैसी ने नौवें से 12वें स्थान के मुकाबले में चार में से तीन ब्लिट्ज गेम और दोनों रैपिड मैचों में वैन फोरस्ट को हराया। इस तरह से उन्होंने यह मुकाबला 11.5-8.5 से जीता।



प्रज्ञानानंदा ने की अच्छी वापसी

प्रज्ञाननंदा ने 21वें से 24वें स्थान के लिए क्लासिफिकेशन मुकाबले में ब्लिट्ज राउंड के बाद 1-3 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए नोदिरबेक को 11-9 से हराया। हालांकि उनकी बहन और महिला विश्व चैम्पियनशिप की चैलेंजर वैशाली 21वें से 24वें स्थान के लिए खेले गए पहले दिन के मुकाबले में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा से 7-13 से हार गईं।

अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस बीच खिताब की दौड़ में शामिल नीदरलैंड के अनीश गिरी और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने सेमीफाइनल के पहले दिन जीत हासिल की। गिरी ने वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ 14.5-5.5 से और फिरोजा ने फैबियानो कारुआना के खिलाफ 12-8 से जीत हासिल की। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 17वें से 20वें स्थान के लिए निर्धारित मुकाबले में बिबिसारा असाउबायेवा को 11.5-8.5 से हराया। कार्लसन ने चारों ब्लिट्ज गेम 3.5-0.5 से और फिर दोनों रैपिड गेम भी जीते। पांच बार के विश्व चैंपियन ने हालांकि फास्ट क्लासिक गेम नहीं खेला जिससे विवाद पैदा हो गया।

लक्ष्य ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह पक्की की

हांगकांग ओपन सुपर 500 में श्रीकांत ने वातानाबे को हराया

एजेंसी ▸▸ कोवलून

भारत के किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे को हराकर अपने हमवतन लक्ष्य सेन का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में स्थान पक्का कर दिया।

हाइलो ओपन और कुमामोतो मास्टर्स जापान में लगातार दो खिताब जीतने के बाद लक्ष्य विश्व टूर रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन सत्रांत होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में उनका स्थान सुनिश्चित नहीं था। वातानाबे और थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न भी शीर्ष आठ में जगह बनाकर दिसंबर में होने वाले सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में शामिल थे।



इस सत्र का यह आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट

हांगकांग ओपन इस सत्र का आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। विश्व टूर फाइनल्स की दौड़ में बने रहने के लिए वातानाबे को श्रीकांत के खिलाफ जीत की जरूरत थी लेकिन हार के बाद वह लक्ष्य से आगे नहीं निकल सकते। वातानाबे के बाहर होने के बाद थाईलैंड के वितिदसर्न और चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन ने भी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया।

श्रीकांत ने वातानाबे की उम्मीदों पर पानी फेरा

बुधवार को श्रीकांत ने वातानाबे को 21-16, 16-21, 21-9 से हराकर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस हार के साथ वातानाबे चीन के हांगझोउ में नौ से 13 दिसंबर तक होने वाले सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए। इससे पहले लक्ष्य को फ्रांस के आर्नोड मर्कल के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 14-21, 21-16, 25-23 से जीत दर्ज कर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य के 74,180 अंक थे जबकि वातानाबे के खाते में 73,620 अंक थे। दोनों के बीच एचएसबीसी रेस टू फाइनल्स रैंकिंग में अंतिम स्थानों में से एक हासिल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

लक्ष्य का आज डेनमार्क के गेम्के से मुकाबला

लक्ष्य दूसरी बार विश्व टूर फाइनल्स में हिस्सा लेंगे। उन्होंने 2021 में टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस साल विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले वह दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में जगह पक्की की थी। लक्ष्य बृहस्पतिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के रासमुस गेम्के से भिड़ेंगे जबकि श्रीकांत का सामना कोरिया के यू ताए बिन से होगा।

पीएम मोदी की प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट से भेंट, 'अर्थशॉट प्राइज' के प्रयासों को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के राजकुमार विलियम और राजकुमारी केट मिडलटन ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी ने मुलाकात पर खुशी जताई। उन्होंने 'अर्थशॉट प्राइज' के जरिए जलवायु समाधानों को बढ़ावा देने और भारतीय सूझबूझ को दुनिया के सामने रखने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने और हालिया व्यापार समझौते से मिली गति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। विलियम और केट सोमवार को मुंबई पहुंचे थे। वे अर्थशॉट प्राइज के छठे सालाना पुरस्कार समारोह में शामिल होने आए थे।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है। हाल ही में लागू हुए 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' से सकारात्मक माहौल बना

भारत और ब्रिटेन दुनिया की समृद्धि के लिए मिलकर काम करते रहेंगे



ब्रिटेन संग व्यापार समझौता आगे बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है। हाल ही में लागू हुए 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' से बने सकारात्मक माहौल को आगे बढ़ाते हुए, हम दोनों देशों के लोगों और पूरी दुनिया की साझा समृद्धि के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

मुंबई में 'अर्थशॉट प्राइज' वितरित किए

इससे पहले प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट ने मुंबई में 'अर्थशॉट प्राइज' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और उनकी पत्नी से मुलाकात की। वेल्स के प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा के तहत, '2026 अर्थशॉट प्राइज' समारोह के लिए सोमवार को मुंबई पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में नए समाधान तलाशने वाले लोग शामिल हुए। कारोबार जगत के बड़े नेता और कई मशहूर हस्तियां भी पहुंचीं। कार्यक्रम में अभिनेता रामी मालेक, क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और ब्रिटिश बैड टेक दैट शामिल हुए। अप्रैल 2016 के बाद, यह प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट की दूसरी आधिकारिक भारत यात्रा है।

ग्लोबल वार्मिंग को लेकर विलियम ने दी चेतावनी

सोमवार को भारत पहुंचने के बाद प्रिंस विलियम ने अर्थशॉट की खासियत बताई थी। उन्होंने कहा कि कैथरीन और मैं इस साल के अर्थशॉट प्राइज के लिए भारत आकर बहुत खुश हैं। पिछले छह वर्षों में भारत ने अर्थशॉट में असाधारण योगदान दिया है। किसी भी अन्य देश की तुलना में, अर्थशॉट के सबसे ज्यादा फाइनलिस्ट और विजेता भारत से ही हैं। मंगलवार को मुंबई में पुरस्कार दिए। प्रिंस विलियम ने ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे पर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि दुनिया में गर्म लहरें लगातार गंभीर होती जा रही हैं। विनाशकारी बाढ़ का खतरा भी बढ़ रहा है।

प्रिंस विलियम ने 2020 में शुरू किया था अर्थशॉट प्राइज



इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा से इवेंट में पहुंचकर पर्यावरण अनुकूल परिवहन का दिया संदेश

प्रिंस विलियम ने साल 2020 में अर्थशॉट प्राइज की शुरुआत की थी। इसका मकसद पर्यावरण को बचाने के लिए काम करने वाले लोगों और संस्थाओं को बढ़ावा देना है। इस पहल का मकसद पर्यावरण को बचाने और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए नए और बेहतर समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना है। इस पुरस्कार के तहत हर साल पांच विजेताओं को चुना जाता है। प्रत्येक विजेता को अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने और उनका विस्तार करने के लिए 1 मिलियन पाउंड (12 करोड़ से ज्यादा) की राशि दी जाती है।

खबर संक्षेप

ऑस्ट्रेलिया में वीजा के लिए पंजीयन 1 दिसंबर से

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के डिपार्टमेंट ऑफ होम अफेयर्स के मुताबिक, वर्किंग हॉलिडे मेकर वीजा के लिए



रजिस्ट्रेशन 1 दिसंबर 2026 से शुरू हो रहे हैं। कोई भी रजिस्ट्रेशन कर सकता है, भले ही आवेदक ने अभी तक अपना निर्धारित काम पूरा नहीं किया हो। वीजा के लिए इनविटेशन का पहला राउंड जनवरी 2027 के मध्य में होने की उम्मीद है। चुने गए आवेदकों को 'नेक्स्ट ईयर रीजनल वर्क गारंटी' मिलेगी। इससे वे निर्धारित काम सहित सभी शर्तों को पूरा करने के बाद अगले वीजा के लिए अप्लाई कर सकेंगे।

पृथ्वी से 26 अरब किमी दूर पहुंचा वॉयजर 1

केप कैनावेरल। नासा के वॉयजर 1 यान ने अंतरिक्ष में एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह पृथ्वी से



एक प्रकाश-दिवस की दूरी तक पहुंचने वाला पहला मानव निर्मित यान बन चुका है। वॉयजर 1 इस समय करीब 61,155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में आगे बढ़ रहा है। करीब 49 साल पहले छोड़ा गया यह अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 26 अरब किमी से अधिक की अविश्वसनीय दूरी तय कर चुका है। बुधवार को वॉयजर 1 ने महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। अब इसके रेडियो संकेत पृथ्वी तक पहुंचने में ठीक 24 घंटे लेंगे।

चीन के शेनझेन में हो रही एपीईसी समिट में तीन आर्थिक महाशक्तियों का मिलन

चीनी राष्ट्रपति ने पहली बार तोड़ा प्रोटोकॉल डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने खुद ही पहुंचे

एजेंसी ▶▶ शेनझेन

एपीईसी समिट से इतर ट्रंप की जिनपिंग के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठक भी होगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, टैरिफ, चीन की ओर से अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद और रेयर अर्थ की सप्लाई जैसे मुद्दों पर बातचीत हो सकती है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एपीईसी समिट के स्वागत डिनर में एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं के बीच गुरुवार को त्रिपक्षीय बैठक होगी। इसमें ईरान युद्ध और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को चीन के शेनझेन पहुंचे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

ऐसा पहली बार हुआ है जब जिनपिंग किसी विदेशी नेता को रिसीव करने खुद एयरपोर्ट पहुंचे। आमतौर पर इस तरह की जिम्मेदारी दूसरे अधिकारी निभाते हैं। एपीईसी समिट से इतर ट्रंप की जिनपिंग के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठक भी होगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, टैरिफ, चीन की ओर से अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद और रेयर अर्थ की सप्लाई जैसे मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वॉशिंगटन के साथ 'रचनात्मक और रणनीतिक रूप से स्थिर संबंध' बनाने की इच्छा जताई है। इसके अलावा, ट्रंप की गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ त्रिपक्षीय बैठक भी होनी है।



एपीईसी के सदस्य अर्थव्यवस्थाओं का समूह फोटो

▶▶ ईरान जंग और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी



शी जिनपिंग और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को गले लगाते हुए

21 सदस्य अर्थव्यवस्थाओं का मंच है एपीईसी

एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) प्रशांत क्षेत्र की 21 सदस्य अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इसकी स्थापना ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में नवंबर 1989 में हुई थी। इसका मुख्यालय सिंगापुर है। सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक जीडीपी का लगभग 60% हिस्सा प्रतिनिधित्व करती हैं। एपीईसी राजनीतिक संप्रभुता के बजाय आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने सदस्यों को 'देश' के बजाय 'अर्थव्यवस्थाएं' कहता है। 21 सदस्य अर्थव्यवस्थाओं में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, चीन, हांगकांग, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, पेरू, फिलीपींस, रूस, सिंगापुर, चीनी ताइपे (ताइवान), थाईलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और वियतनाम शामिल हैं।

अमेरिका से रिश्ते बेहतर होंगे: जिनपिंग

जिनपिंग ने ट्रंप से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच बातचीत से रिश्ते बेहतर होंगे और उनमें स्थिरता आएगी। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। जिनपिंग ने सितंबर में अपनी अमेरिका यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान ट्रंप और उनकी पत्नी खुद एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने पहुंचे थे। जिनपिंग ने कहा कि चीन ने भी ट्रंप का स्वागत करके उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है।



पुतिन और जिनपिंग के बीच हुई बात

ट्रंप के पहुंचने से कुछ घंटे पहले, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शेनझेन पहुंच गए थे। पुतिन और शी जिनपिंग के बीच बातचीत हुई, जिसमें रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों की विदेश नीति की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है।

एशिया-प्रशांत की समृद्धि के लिए साथ आएं: चीन

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत के शेनझेन में आयोजित एपेक सीईओ शिखर सम्मेलन 2026 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की समृद्धि के लिए सभी देशों से अपील की है कि वो इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करें। जिनपिंग ने कहा कि क्षेत्र की तरक्की के लिए मिलकर आगे बढ़ना ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र को वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं को स्थिर एवं सुचारु बनाए रखने के साथ मुक्त और खुले व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने मुक्त व्यापार क्षेत्र एशिया-प्रशांत (एफटीएपी) की प्रक्रिया को भी लगातार आगे बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

ट्रंप के चीन दौरे के बीच बड़ा फैसला

'एनवीडिया' ने बीजिंग को एआई चिप भेजना बंद किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुनिया की सबसे बड़ी चिप कंपनी एनवीडिया ने चीन को पावरफुल एआई चिप भेजने पर रोक लगा दी है। कंपनी के पूर्व सीईओ जेन्सेन हुआंग के इस्तीफे के बाद यह फैसला लिया गया है। यह रोक ऐसे समय लगाई गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के दौरे पर हैं। एनवीडिया की अंतरिम सीईओ कोलेट क्रेस ने तिमाही नतीजों के दौरान यह जानकारी दी।



कोलेट क्रेस

पूर्व सीईओ जेन्सेन हुआंग के इस्तीफे के बाद कोलेट क्रेस को कंपनी का अंतरिम सीईओ बनाया गया है। कंपनी के इस फैसले से अलीबाबा, टेनसेंट और टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस समेत 10 बड़ी चीनी कंपनियों के एआई प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ेगा।

एनवीडिया का चीन के एआई चिप बाजार में करीब एक-तिहाई हिस्सा है। यानी हर 3 में से 1 चिप इसी कंपनी की बिकती है। 2026 की पहली छमाही के आंकड़ों के मुताबिक, चीन में इस्तेमाल होने वाली एआई चिप्स में एनवीडिया की हिस्सेदारी करीब 34% थी।

पिछली तिमाही में 22.43 करोड़ के चिप बेचे थे

क्रेस ने बताया कि 25 अक्टूबर को खत्म हुई पिछली तिमाही में कंपनी ने चीन को करीब 22.43 हजार करोड़ रुपए (2.4 बिलियन डॉलर) के एआई डेटा सेंटर चिप्स बेचे थे, लेकिन अब आगे सप्लाई भेजने की कोई योजना नहीं है। इस फैसले से अमेरिका और चीन के बीच हुए विशेष चिप समझौते के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। कोलेट क्रेस ने यह साफ नहीं किया है कि एनवीडिया ने इन चिप्स की सप्लाई क्यों रोकी है और क्या यह रोक हमेशा के लिए रहेगी। बता दें कि कंपनी की 'हॉपर सीरीज' में एच200 जैसे बेहद ताकतवर चिप शामिल हैं। इनका इस्तेमाल बड़े एआई सिस्टम (जैसे चैटबॉट्स) को तैयार करने और चलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका ने 2022 में चीन को एडवांस एआई चिप बेचने पर रोक लगा दी थी। लेकिन पिछले साल चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चुनिंदा चीनी कंपनियों को एच200 चिप बेचने की इजाजत दे दी।

जेनसन हुआंग की नहीं होगी वापसी: बोर्ड

एनवीडिया के निदेशक मंडल ने सह-संस्थापक जेनसन हुआंग को दोबारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाने से इनकार कर दिया है। बोर्ड चेयरमैन हार्वे जोन्स ने मंगलवार को कंपनी की तिमाही आय संबंधी चर्चा के दौरान कहा कि एनवीडिया के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से उनके इस्तीफे को स्वीकार किया है और जेनसन हुआंग को सीईओ के रूप में बहाल करने का उसका कोई इरादा नहीं है। जोन्स ने बताया कि कंपनी ने स्थायी उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कार्यकारी नियुक्ति कंपनी हेड्रिक एंड स्ट्रगल्स की सेवाएं ली हैं। वहीं, अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सभा में जेनसन हुआंग से 1 दिसंबर को पूछताछ होगी।

समुद्री टोही अभियानों के 50 वर्ष पूर्ण



'अल्बाट्रॉस' के नाम से प्रसिद्ध भारतीय नौसेना वायु स्क्वाड्रन 312

समुद्री निगरानी के 5 दशक

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 18 नवंबर 2026 को अपनी लंबी दूरी के समुद्री टोही अभियानों की स्वर्ण जयंती का उत्सव मना रही है। यह महत्वपूर्ण अवसर भारतीय नौसेना वायु स्क्वाड्रन (आईएनएएस) 312, जिसे 'अल्बाट्रॉस' के नाम से जाना जाता है, की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के साथ जुड़ा हुआ है। यह उपलब्धि भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए पांच दशकों से जारी सतर्कता और निगरानी का प्रतीक है।

मिसाइल प्रणाली को मिलेगी नई ताकत

रक्षा मंत्रालय का इजराइल संग 1,976.40 करोड़ रुपए का करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के जहाजों पर तैनात बराक प्वाइंट डिफेंस मिसाइल प्रणाली के उन्नयन और पुराने पड़ रहे पुर्जों के प्रबंधन के लिए इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध की कुल लागत 1,976.40 करोड़ रुपए है। अन्य पूंजीगत खरीद प्रक्रिया के तहत इस अनुबंध पर 18 नवंबर को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस प्रणाली के



राजेश सिंह की उपस्थिति में एमओयू

उन्नयन से भारतीय नौसेना के पोतों पर बेहतर मारक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उनकी लंबी दूरी तक हवाई खतरों से रक्षा करने की क्षमता बढ़ेगी। अनुबंध के तहत प्रणाली के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का व्यापक उन्नयन किया जाएगा।

काठमांडू में भारतीय राजदूत ने यात्रा तैयारियों को लेकर की चर्चा

नेपाल के विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

22-23 नवंबर को होगी नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह की भारत यात्रा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पीएम शाह 22 से 23 नवंबर तक भारत की यात्रा कर सकते हैं। नेपाल में भारत के नए राजदूत के रूप में हाल ही में कार्यभार संभालने वाले सुधाकर दलेला ने बुधवार को पीएम बालेंद्र शाह से शिष्टाचार मुलाकात की है। इस दौरान नेपाल के पीएम की प्रस्तावित भारत यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। नेपाल के पीएम सचिवालय के मुताबिक, दलेला ने पीएम शाह



सुधाकर दलेला और पीएम बालेंद्र शाह

के साथ सिंहदरबार में हुई मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि भारत में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली द्विपक्षीय वार्ता ऐतिहासिक और सराहनीय होगी। हालांकि, अभी यात्रा कार्यक्रम की आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की गई है।

ऐतिहासिक होगी भारत यात्रा

ये पूरा घटनाक्रम नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री के उस बयान के बाद सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारा मंत्रालय पीएम की आगामी नई दिल्ली की यात्रा से जुड़ी हुई जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। अब इसे सफलता के साथ आगे बढ़ाने के लिए संबंधित एजेंसियां लगी हुई है।

रायसीना टोक्यो 2026 में एस. जयशंकर बोले

भारत-जापान रक्षा, सेमीकंडक्टर व दुर्लभ खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आर्थिक सुरक्षा, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया है। रायसीना टोक्यो 2026 के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य ने विश्वसनीय साझेदारी, आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण और मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है।



डॉ. एस. जयशंकर

जापानी निवेशकों को भा रहा भारत

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान अग्रणी राष्ट्रों के रूप में एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए विश्वसनीय सहयोग को और गहरा करना चाहिए। 2014 के बाद से देश के बुनियादी ढांचे, कारोबारी माहौल और विनिर्माण क्षमता में सुधार हुआ है, जिससे जापानी निवेश और उत्पादन के लिए भारत एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। विदेश मंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और स्टार्टअप में भारत की प्रगति के साथ-साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, ड्रोन, स्वास्थ्य सेवा और रक्षा में सहयोग के अवसरों का उल्लेख किया। उन्होंने एआई, फार्मा, सूक्ष्म और संचार प्रौद्योगिकी तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की बात कही।

भारत-जापान के बीच बढ़ता रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग

दोनों देश खुले और नियम-आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र के पक्षधर

राजनाथ सिंह ने योकोसुका स्थित जापान नौसैनिक अड्डे जेएस नातोरी का किया दौरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और जापान के बीच बढ़ता समुद्री सहयोग स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दोनों देशों के गहरे विश्वास और साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के साथ योकोसुका स्थित जापान मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स के नौसैनिक अड्डे का दौरा किया।

▶▶ गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया

जापान पहुंचने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत रक्षा मंत्रालय के दौरे से की, जहां उनके जापानी समकक्ष ने उनका स्वागत किया। जापान के रक्षा मंत्रालय में राजनाथ सिंह को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद दोनों मंत्रियों ने मंत्रालय में संक्षिप्त बातचीत की। उसके बाद, दोनों मंत्री जापान सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज (जेएसडीएफ) के हेलीकॉप्टर से जेएमएसडीएफ के नौसैनिक अड्डे पहुंचे। नौसैनिक अड्डे पर दोनों मंत्रियों ने मोगामी श्रेणी के बहुउद्देशीय युद्धपोत 'जेएस नातोरी' का दौरा किया।

रक्षा उत्पादन नई ऊंचाई पर

राजनाथ सिंह ने टोक्यो में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। आज भारत रक्षा उत्पादों का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है, वहीं देश का रक्षा उत्पादन अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। थलसेना, नौसेना और वायुसेना की बढ़ती क्षमता से लेकर स्वदेशी रक्षा उत्पादन तक, भारत की रक्षा शक्ति नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

7.8% की विकास दर से भारत बढ़ रहा

रक्षा मंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों और पश्चिम एशिया के संकट के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी विकास गति बनाए रखी है। लगभग 7.8% की विकास दर के साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह भारत की आर्थिक मजबूती और विकास की निरंतरता को दर्शाता है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in